हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## बीच सड़क पर ट्रक का एक्सल टूटकर रोड में फंसा, 10 घंटे तक रिंगरोड जाम



**रायपुर।** राजधानी के अशोका मिलेनियन के विपरीत दिशा में ओवरब्रिज की ढलान में एक ट्रक का एक्सल टूटने से राड पूरी तरह से ब्लाक हो गया। इसके कारण संतोषी नगर तक दो किलोमीटर ट्रकों का लंबा जाम लग गया। इससे आने वाले लोग जाम में 10 घंटे तक परेशान होते रहे। घटना रविवार देर रात पौने दो बजे की है। एडीसीपी ट्रैफिक विवेक शुक्ला के अनुसार रात दो बजे के करीब ट्रैफिक पुलिस को रिंग रोड में एक्सीडेंट होने की जानकारी मिली। इसके बाद ट्रैफिक अमला मौके पर पहुंचा और सामान्य आवाजाही बहाल करने अपने स्तर पर कोशिश की। एक्सल टूटने की वजह से ट्रक एक साइड मुड़कर बीच रोड में फंस गया था। ट्रक ऐसा फंसा था कि सड़क से बाइक भी नहीं निकल पा रही थी। जिस जगह ट्रक फंसा था, उस जगह एक मशीन से लदे ट्रेलर का शट डाउन हो गया था। आशंका जताई जा रही है कि मशीन से लदे ▶▶| शेष पेज 11 पर

### खबर संक्षेप

#### सचिव से अमर्यादित व्यवहार, आईएफएस अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव के साथ अमर्यादित और अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले आईएफएस अधिकारी के खिलाफ शासन के निर्देश पर निलंबन आदेश जारी किया गया है। भारतीय वनसेवा के अधिकारी मनीष कश्यप को निलंबित करने आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, भारत सरकार द्वारा आयोजित डी-रेगुलेशन संबंधी बैठक की तैयारी को लेकर 23 जनवरी को विभागीय सचिव द्वारा कॉल कर संपर्क किए जाने के दौरान आईएफएस मनीष कश्यप ने आवश्यक जानकारी देने के बजाय अशोभनीय एवं अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया। शासन ने इसे अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 के नियम-3 का उल्लंघन माना है। इसके फलस्वरूप राज्य शासन ने अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1969 के तहत कार्रवाई करते हुए मनीष कश्यप को निलंबित कर दिया।

#### आपसी विवाद में मारपीट दो पर अपराध दर्ज

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ आपसी विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हांडीपारा निवासा आनंद चंद्राकर ने आलोक तथा दादू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आनंद ने पुलिस को बताया कि पूर्व के विवाद के चलते आलोक तथा दादू ने हांडीपारा चौक के पास उसका रास्ता रोककर किसी भारी वस्तु से उस पर हमला कर चोट पहुंचाई।

#### कार के बोनट पर बैठने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक युवक ने तीन लड़कों के खिलाफ कार के बोनट पर बैठने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीएसयूपी कालोनी, तेलीबांधा मरीन ड्राइव निवासी सौरव साहू ने कोणाल, देवाशीष तथा भरत के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सौरव ने पुलिस को बताया कि तीनों लड़के उसकी कार के बोनट पर बैठे थे, मना करने पर तीनों लड़कों ने सौरव के साथ मारपीट की।

### जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद भी संशोधित मास्टर प्लान 2031 लागू नहीं हो पाया

## गड़बड़ियों की ऐसी फांस, जिसमें उलझ गया रायपुर का मास्टरप्लान, अब तक डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले में डेढ़ साल पहले लागू होने वाला संशोधित मास्टर प्लान 2031 अब तक लागू नहीं हो पाया। या यू कहें कि मास्टर प्लान फिलहाल गायब हो गया है। संशोधित मास्टर प्लान को लागू करने के लिए शासन ने कमेटी के माध्यम से जांच कराई थी, जिसकी रिपोर्ट में मिली गड़बड़ियों का निराकरण किया जाना है, लेकिन इन गड़बड़ियों का निराकरण करने में अब अफसरों को पसीना छूट रहा है। सूत्रों की मानें, तो जो गड़बड़ियां मिली हैं, उनमें ऐसी कई बड़ी ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### जांच रिपोर्ट का तीन बार हो चुका है शासन स्तर पर प्रेजेंटेशन

कमेटी की जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर तीन बार प्रेजेंटेशन हो चुका है। मंत्री ओपी चौधरी सहित उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में कमेटी ने जांच रिपोर्ट का प्रेजेंटेंशन किया था। इसके आधार पर गड़बड़ियों का निराकरण करने के आदेश भी जारी हुए थे। इस आदेश के तहत अफसरों ने कई गड़बड़ियों का निराकरण किए जाने का दावा भी किया था, लेकिन कितनी और कौन-कौन सी गड़बड़ियों का निराकरण हुआ है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।



#### दोबारा परीक्षण किया जा रहा

जांच कमेटी की रिपोर्ट का तीन बार शासन स्तर पर प्रजेंटेशन हुआ था। इसके बाद कई गड़बड़ियों का निराकरण भी हुआ है, लेकिन कई गड़बड़ियों का दोबारा परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद भी शासन स्तर पर ही अंतिम निर्णय होना है।

- विनीत नायर, संयुक्त संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

#### 6 बिंदुओं पर कमेटी ने की थी जांच

तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में वर्ष 2023 से मास्टर प्लान लागू है। कांग्रेस की सत्ता बदलने के बाद मास्टर प्लान में थोक में गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें मिली थीं, जिसे वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने संज्ञान में लेकर मास्टर प्लान के लागू होने से पहले लोगों द्वारा की गई दावा-आपत्तियों की एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराई थी। इसमें विभिन्न विभागों के साथ संचालनालय स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया था। इस कमेटी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### आवेदन पर सचिवालय से मांगा अभिमत

## कवासी ने मांगी विस सत्र में शामिल होने की इजाजत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को विधानसभा के बजट सत्र की कार्रवाई में हिस्सा लेने की अनुमति के लिए आवेदन दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री के आवेदन पर विधानसभा सचिवालय से अभिमत मांगा है। स्पीकर ही इस संबंध में अंतिम निर्णय लेंगे। सालभर से अधिक समय जेल में रहने के बाद शराब घोटाला प्रकरण के आरोपी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### मलकानगिरी पहुंचे कवासी

छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री ने ओडिशा के सीमावर्ती जिले मलकानगिरी को अपना अस्थायी ठिकाना चुना। वे शनिवार को मलकानगिरी पहुंचे। बता दें कि मलकानगिरी लखमा के विधानसभा क्षेत्र से कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। नजदीकी क्षेत्र होने के कारण राजनीतिक और सामाजिक संपर्क बनाए रखना आसान होता है। माना जा रहा है कि इसी वजह से उन्होंने मलकानगिरी को अपना ठिकाना चुना है। लखमा ने कहा, वह सर्वोच्च ▶▶| शेष पेज 11 पर

## विदेश में डॉक्टरी की पढ़ाई आसान, पर वापसी की परीक्षा कठिन, इस बार प्रदेश के 21 डाक्टर पास

### एफएमजी की परीक्षा में राज्य के करीब 30, देश में लगभग 44 हजार विद्यार्थी हुए थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खास खबर

विदेशों में जाकर एमबीबीएस की पढ़ाई तो आसान है, मगर देश लौटकर डाक्टरी की अनुमति की परीक्षा कठिन है। इस बार हुई एफएमजी की प्रवेश परीक्षा में शामिल राज्य के 30 में से 21 लोगों को सफलता मिली है। राज्य में सफलता का आंकड़ा 70 प्रतिशत है, मगर देश में करीब 44 हजार में केवल 10264 यानी 24 फीसदी को ही सफलता मिली है। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा साल में दो बार इस एग्जाम का आयोजन कर डाक्टरों को भारत वापसी का रास्ता दिया जाता है। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट यानी एफएमजी टेस्ट दूसरे देश में जाकर पढ़ाई करने वालों के लिए अनिवार्य है। इसके बिना उन्हें यहां के मेडिकल काउंसिल में पंजीयन और प्रेक्टिस करने की अनुमति नहीं मिलती। देश के चिकित्सा महाविद्यालय में एडमिशन का मौका चूकने वाले छात्र रूस, यूक्रेन, चीन, फिलीपींस सहित अन्य देशों में पढ़ाई का रास्ता पकड़ते हैं। ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### अस्पतालों में इंटर्नशिप भी

फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन (एमबीबीएस) करने वालों को देश के चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी देने की सुविधा भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। सालभर के इस इंटर्नशिप के दौरान उन्हें शासकीय के साथ निजी मेडिकल कालेजों में उपचार व्यवस्था को समझने का मौका दिया जाता है। वैसे तो यह इंटर्नशिप ऐच्छिक होता है मगर ज्यादातर विदेश की पढ़ाई करने वाले डाक्टर इसे पूरा करते हैं। मेडिकल काउंसिल में पंजीयन होने के बाद ये प्रायवेट प्रैक्टिस के साथ शासकीय सेवा के लिए भी पात्र हो जाते हैं।

#### राज्य में करीब 200 डाक्टर

विदेश में पढ़ाई करने के बाद राज्य में शासकीय निजी स्तर पर सेवा देने वाले डाक्टरों की संख्या करीब दो सौ के आसपास है। राज्य से हर साल औसतन सौ लोग पढ़ाई के लिए विदेशों की राह पकड़ते हैं। देश में एमबीबीएस की पढ़ाई पांच साल की होती जबकि यूक्रेन सहित अन्य राज्यों में यह कोर्स 6 साल का होता है। दूसरे देशों से पढ़ाई कर वापस लौटने वाले विद्यार्थियों को आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन देने चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कुछ संगठन काउंसिलिंग देते हैं।

#### एक-दो प्रयास में मिलती है सफलता

शुरुआती परीक्षा में ज्यादातर छात्र असफल हो जाते हैं, इसलिए परिणाम का प्रतिशत बहुत अधिक नहीं होता। एक-दो प्रयास के बाद लगभग 80 फीसदी छात्रों को सफलता मिल जाती है। विदेश जाकर पढ़ाई करने वालों को छत्तीसगढ़ की तुलना में राजस्थान, हरियाणा जैसे राज्यों के छात्रों की संख्या अधिक होती है। इस बार की परीक्षा में राज्य के 21 लोगों को सफलता मिली है।

- डा. विनय वर्मा, अध्यक्ष, फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एसोसिएशन

### पार्षद पुत्र को श्मशान की मिट्टी लाने भेज कर रुपए ले भागे

## नोटों की बारिश कराने के झांसे में आया पार्षद पुत्र, बैग से असली नोट गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तंत्र-मंत्र से नोटों की बारिश कराने का झांसा देकर वार्ड 26 के पार्षद रामहीन कुर्रे के बेटे से साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फर्जी तांत्रिक तथा उसका साथी भिलाई के रहने वाले हैं। आरोपियों को पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने के चार घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।



घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है। रुस्तम कुर्रे की शिकायत पर पुलिस ने राहुल भारती तथा मयंक दास को ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### तंत्र-मंत्र से पैसों की बारिश होने का दिया झांसा

रुस्तम को तंत्र-मंत्र के भ्रम जाल में फंसाने के बाद राहुल ने रुस्तम को भिलाई के अपने मित्र मयंक दास के तांत्रिक होने की जानकारी दी। साथ ही मयंक दास का तंत्र विद्या में पारंगत होने का झांसा देकर तंत्र-मंत्र के माध्यम से पैसों की बारिश कराने का झांसा दिया। इसके बाद उसने रुस्तम की मयंक से मुलाकात करवाई। भ्रम जाल में फंसाने के बाद दोनों जालसाज पिछले सप्ताह शुक्रवार छह फरवरी को रुस्तम के यहां तांत्रिक अनुष्ठान ▶▶| शेष पेज 11 पर



**खबर संक्षेप**

## रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष का 11 से दौरा कार्यक्रम

**सिलयारी।** जिला कांग्रेस कमेटी



रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की वास्तविक स्थिति, सुविधाओं एवं संचालन की गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। श्री बंजारे 11 फरवरी को माना कैंप, 12 फरवरी को अभनपुर, 13 फरवरी को तिल्दा, 14 फरवरी को आरंग, 16 फरवरी को धरसीवा, 17 फरवरी को बिरगांव, 18 फरवरी को चंद्रखुरी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।

## सिलतरा में कन्या सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन

**सिलयारी।** जनपद पंचायत धरसीवां के ग्राम सिलतरा में कन्या सामूहिक विवाह का अत्यंत भव्य और भावपूर्ण आयोजन किया गया। इस पुण्य कार्य की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढिलेंद सेन जी ने किया। कार्यक्रम में छह कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ। जिनमें से एक कन्या अनाथ थी। श्रीमती सेन ने स्वयं उसका कन्या दान किया। जो सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। सभी वर-वधुओं को जरूरी सामग्री की समान भेंट प्रदान की गई तथा आशीर्वाद दिया गया। मुख्य अतिथि धरसीवां विधाय अनुज शर्मा रहे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश खुटे, पूर्व मंडल अध्यक्ष केके वर्मा, शांति रामकुमार वर्मा सिलतरा सरपंच, उमा राहुल वर्मा सरपंच अकोली, पार्वती बंजारे नेऊरडीह सरपंच, सुनील शर्मा मंडल अध्यक्ष, पुरुषोत्तम साहू मीडिया प्रभारी बोहरही धाम, शेखर वर्मा, योगेश साहू, कृष्णा पाल, जनपद सदस्य विजय साहू, मानसिग वर्मा, जनपद प्रतिनिधि बिहारी भारती, तामेश, उपसरपंच समीर नायक गिरौद, मनीष धीवर मांढर, अरूण जितेन्द्र, पंकज सेन, राहुल सेन उपस्थित रहे।यह आयोजन सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण बना।

## बच्चों के पोषण और स्वास्थ के लिए संजीवनी : रानी जैन

**तिल्दा नेवरा** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तिल्दा नेवरा में वजन तिहार मनाया गया। बच्चों और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की निगरानी के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों मनाए गए वजन त्यौहार में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं लंबाई मापी गई, साथ ही पोषण स्तर की जांच कर अभिभावकों को पोषण संबंधित जानकारी दी गई ताकि कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर पोषण सहायता और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।अभियान के दौरान गर्भवती एवं माताओं की भी स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें संतुलित आहार और पोषण संबंधी जानकारी दी गई। 9 से 18 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मन्य जाएगा। इसी कड़ी में तिल्दा के वार्ड 6 में वार्ड के पार्षद सतीश निषाद एवं पार्षद रानी सौरभ जैन की उपस्थिति वजन त्यौहार मन्य गया।

**निधन**

### मेनका साहू

**आरंग।** ग्राम निसदा निवासी मेनका



साहू का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मे परिजन शामिल हुए। वे सहदेव साहू की पत्नी व गगन, भूपेंद्र साहू की माँ थी।

### संतलाल साहू

**आरंग।** ग्राम चिरको निवासी 65



वर्षीय संतलाल साहू का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे प्रमिला बाई साहू के पति व लालचंद साहू के पिता थे।

# जर्जर सड़क के खिलाफ कांग्रेस ने कुथरेल में किया चक्काजाम

**10 दिनों में मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी**

**कूंरा/सिलयारी।** धरसींवा से तिल्दा मार्ग पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर चौक कुथरेल में चक्काजाम किया गया जिसमें यह मुख्यमार्ग जो धरसींवा से तिल्दा मार्ग जोड़ा जाता है जिसमें रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों का आवाजाही लगा रहता है जिससे यह मार्ग काफी जर्जर हो गया है,आए दिन दुर्घटना होती रही है यह आबादी क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मार्ग है जिसमें स्कूलों बच्चों, राहगीरों,व ग्रामीणों पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है आए दिन रोड़ पर बड़े बड़े वाहन पलटते रहता है,जिससे देखते हुए कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन कर जमकर नारे बाजी भाजपा सरकार के खिलाफ किया, व शासन प्रशासन के इस जर्जर सड़क सुधारने और गतिरोध व स्पीड ब्रेकर,बनाने जैसे विभिन्न मांगो पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।



**इसमें उपस्थित**

प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष (ओबीसी विभाग) भावेश बघेल, पूर्व विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा,मंडल अध्यक्ष शेखर यादव, साहिल खान गुमा मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा,पंकज नायक, कुथरेल सरपंच प्रतिनिधि सुनील बघेल, महेंद्र देवांगन,जनपद विजय साहू, ममता वर्मा सहित भारी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजन रहें।

उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने कहा कि यह मार्ग जर्जर हो गया है और भारी वाहनों का आवाजाही होते रहे हैं जिससे स्कूली बच्चों व राहगीरों में दुर्घटना की आंशका बनी रहती है तत्काल इस सड़क मरम्मत कार्य व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष वर्मा ने कहा कि 10दिनो के भीतर प्रशासन द्वारा सड़क सुधारने एवं गतिरोध निर्माण की मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई,तो ग्रामीणों को साथ लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## वार्षिकोत्सव : कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

# दाऊ कालेज के वार्षिकोत्सव की रोचक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा कोहका के दाऊ सत्यनारायण अग्रवाल महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया गया । समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उच्च शिक्षा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल. राम पंजवानी. नगर पालिका अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित थे। वार्षिक उत्सव में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्र मुक्त कर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री टंक राम वर्मा के साथ मंच पर विराजित अतिथियों द्वारा मा सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत गणेश वंदना से हुई । उसके बाद एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। रंगारंग कार्यक्रम की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ी नृत्य, देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी साथ ही छात्र-छात्राओं में ड्रामा, नाटक, प्रस्तुत करके समाज के लोगों को पर्यावरण पेड़ की अंधाधुंध कटाई, देशभक्ति की वीरता पर जोर देते लोगों को जागरूक किया। इसके पहले कार्यक्रम में पधारे मंत्री टंकराम वर्मा.महेश अग्रवाल जिला पंचायत सदस्य स्वाती वर्मा व अन्य अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से फूल मालाओ से स्वागत किया गया । इस मौके पर मंत्री के समक्ष महाविद्यालय का प्रतिवेदन पढ़ा गया।





### ज्ञान का उपयोग समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए करें

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने ज्ञान का उपयोग समाज व राष्ट्र निर्माण में करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा की हमारे जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। शिक्षा की डिग्री लेने के साथ-साथ नैतिक, व्यवहारिक तथा खेल भी जरूरी है। विद्यालय को अच्छा बनाने की जिम्मेदारी न केवल शिक्षकों की अपितु विद्यार्थी और पालकों की भी है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने में सभी की भागीदारी जरूरी है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने विद्यार्थियों को पढाई के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ ही खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। आज के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।मंत्री ने कहा कि जो मांग विद्यालय के लिए मेरे समक्ष रखी गई है मैं उसकी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करूंगा उन्होंने कहा कि इस कॉलेज में जो भी समस्याएं हैं उसका निदान त्वरित किया जाएगा ।

## गुरु घासीदास का है संदेश फिजूलखर्ची से बचें व सादगी से करें शादी : मंत्री खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री एवं सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब का रविवार को सारंगढ़ प्रवास रहा। जहाँ कैबिनेट मंत्री प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरंतर सतनामी समाज के लिए किए जा रहे सबका साथ सबका विकास के कार्यों, प्रदेश में गुरु घासीदास बाबा जी के मेला आयोजन के लिए स्वीकृत राशि का अपने संबोधन में जिक्र किया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास जी के सादा जीवन, उच्च विचार के जो संदेश दिए गए हैं जो संस्कृति और संस्कार बताए गए हैं, उसके सादगी विवाह की परम्परा को हमें गर्व के साथ अपनाने की जरूरत है। आगे गुरु साहेब ने कहा कि, जिस प्रकार आज हम दिखावे की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

■ सतनामी समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन में हुए शामिल

दिखावे की शादी में धन का खर्च बहुत ज्यादा है। लड़का ढूंढना है या लड़की ढूंढना है तो हम सब लोगों को कितना परेशानी होती है। आज लोग विवाह को सम्मान और इज्जत के रूप में देखते हैं और मन मुताबिक शादी करते हैं भले ही कर्ज लेना पड़े। दिखावे से थोड़ा उठके हमें सादा विवाह की राह बहुत पहले परम-पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी ने दी है। इसमें किसी प्रकार का खर्च नही है।

### समाज में प्रेम और सदभावना स्थापित करें

समाज में एक दूसरे के प्रति प्रेम की भावना स्थापित करें। मंत्री गुरु साहेब ने कहा कि, गिरौधपुरी हो, भंडारपूरी हो,चाहे लालपुर धाम हो, हर जगह के लिए करोड़ों रुपए पैसा स्वीकृत है। किसी प्रकार के कोई कमी नहीं है सिर्फ धार्मिक स्थल की उन्नति और विकास है। सारंगढ़ में प्रतिवर्ष बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई जा रही है।

# भेलवाडीह मानस सम्मेलन 18 मंडलियों ने दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम भेलवाडीह में न्यू बजरंग समिति के तत्वावधान में त्रि-दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में अंचल की कुल 18 मानस मंडलियों ने अपनी सुमधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार डाण्डेसरा मानस मंडली को, द्वितीय पुरस्कार खल्लारी एवं तृतीय पुरस्कार भिभौरी को प्रदान किया गया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार बिरकोनी, द्वितीय पुरस्कार गुजरा तथा तृतीय पुरस्कार चंद्रसूर मानस मंडली ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामायण से यह स्पष्ट होता है कि जब भगवान श्रीराम अवध से निकले तो वे राम थे, किंतु वनवास काल में ऋषि-मुनियों की रक्षा कर एवं अधर्म का नाश कर जब अयोध्या लौटे, तब वे मर्यादा पुरुषोत्तम राम बन चुके थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म, रामकथा और रामायण हमें जीवन मूल्यों की शिक्षा देते हैं तथा हिन्दू धर्म में भारत को विश्व गुरु बनाने की अपार क्षमता है। उन्होंने आह्वान किया कि जहां भी धर्म एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम हों, वहां तन-मन-धन से सहयोग किया जाना चाहिए, क्योंकि सच्चा संत वही है जो निःस्वार्थ भाव से सहयोग करता है। कार्यक्रम में न्यू बजरंग समिति के संचालक छबि यादव, अध्यक्ष राधेश्याम सिन्हा सहित हरीश यादव, अरुण यदु, रामस्वरूप साहू, रामरतन पटेल, सखाराम पटेल, कुंजलाल सिन्हा, दऊआ पटेल, पन्ना पटेल, रतिराम यादव का विशेष योगदान रहा।

## कुथरेल ने 2 रनों से सद्दू को हराकर क्रिकेट ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**धरसीवां/कूंरा।** ग्राम पंचायत कुथरेल के ईडन गार्डन मैदान पर आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट 2026 का फाइनल मुकाबला कुथरेल ने जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक नितिन अग्रवाल जी थे। अध्यक्षता अन्नू सुनील बघेल सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष धरसीवा दिनेश खूंटे, ईश्वरी बिहारी लाल भारती जनपद सदस्य, सूरज टंडन जिला उपाध्याय भाजपा अनुसूचित जाति, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल, उपसरपंच धनेश्वर बंजारे कुथरेल, गोविंद साहू सरपंच मेहरसखा मनोहरा, बेनीराम पाल, रिखीराम साहू, रोशन पवार, देवीचरण डहरिया,नरेंद्र डहरिया, प्रेम भारती, मंटोप बंजारे, दिनेश साहू, मोहन सेन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। फाइनल मुकाबले में ग्राम सद्दू ने टॉस जीत कर पहले बोलिंग करते हुए कुथरेल को 8 ओवर में 55 रन पर रोक दिया और फिर 56 रन की लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करते हुए सद्दू की टीम ने 8 ओवर में 54 रन पर ही आउट हो गए जिससे कुथरेल टीम ने 2 रनों से विजयी हुए। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को मेडल पहनाए।

## हनुमानजी की मूर्ति स्थापित की और किया मानस पाठ

**आरंग।** ग्राम कुकरा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला के पास शनिवार से 24 घंटे का अखण्ड रामायण आयोजित कर विधिवत हवन-पूजन पश्चात भगवान श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना का पावन कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। शनिवार को प्रातः 11 बजे स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके उपरांत अखण्ड रामायण प्रारंभ किया गया। संध्या समय सरस्वती मानस मंडली एवं बाल मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ के अंतर्गत सुंदरकांड का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। रविवार को हवन-शांति अनुष्ठान सम्पन्न हुआ, तत्पश्चात प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन में ग्राम के



वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डुमेंद्र साहू, सरपंच नंदलाल डहरिया, उपसरपंच सुरेश साहू, दीनदयाल, मेघनाथ, मोहन मयंक, सुनील, लीला, कुमारी, शारदा, रेखा साहू, पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन से ग्राम में धार्मिक चेतना एवं सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित हुआ।

# छात्रों ने रींवा के ऐतिहासिक स्थलों का किया शैक्षणिक

**आरंग।** गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, रीवा के कक्षा चौथी एवं पाँचवीं के विद्यार्थियों ने हाल ही में ग्राम रीवा में स्थित ऐतिहासिक उत्खनन स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण पर्यावरण अध्ययन एवं इतिहास विषय को व्यवहारिक रूप से समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्खनन क्षेत्र का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा वहाँ से प्राप्त प्राचीन सिक्कों, मिट्टी के बर्तनों एवं अन्य पुरातात्विक अवशेषों की जानकारी हासिल की। बच्चों ने विशेषज्ञों एवं शिक्षकों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया, जिससे अध्ययन प्रक्रिया और अधिक रोचक व ज्ञानवर्धक बनी।



विद्यालय के प्रधान पाठक उमर खान ने उत्खनन स्थल की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्राम रीवा का यह क्षेत्र पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उत्खनन के प्रारंभिक चरण में ही कुषाण काल, कलचुरी एवं पांडुवंशीय काल से जुड़ी धरोहरें प्राप्त हुई हैं। वहीं, हालिया खुदाई में एक नए राजवंश 'मघवंशी' के अस्तित्व के संकेत मिलने लगे हैं। उन्होंने बताया कि यह स्थल लगभग छठी शताब्दी का एक विकसित प्रशासनिक एवं व्यापारिक केंद्र रहा है। खुदाई के दौरान मघवंशी तांबे के सैकड़ों सिक्के प्राप्त हो रहे हैं, जो इस क्षेत्र की ऐतिहासिक समृद्धि को दर्शाते हैं। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिससे उन्हें मानव सभ्यता के विकास, प्राचीन जीवनशैली एवं सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर मिला। भ्रमण का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक चमन साहू एवं तेज साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में इतिहास, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक धरोहर के प्रति रुचि और जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अभियान में श्रमिकों से संवाद कर दी जा रही जानकारी

# मनरेगा को कमजोर करने का आरोप कांग्रेस का गांव चलो अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राज्य सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए मनरेगा बचाओ संग्राम अंतर्गत गांव चलो अभियान की शुरुआत की। यह अभियान डॉ. शिवकुमार डहरिया (पूर्व मंत्री) के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नरियरा एवं बरभाठा में मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद किया गया। मजदूरों ने बताया कि महीनों से मजदूरी भुगतान लंबित है और जानबूझकर काम नहीं दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर गंभीर संकट गहरा गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जी.वी. राम जी योजना की आड़ में मनरेगा को पंगु बनाया जा रहा है, जिससे गरीब मजदूरों को बेरोजगारी और मजबूरन पलायन की ओर धकेला जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनरेगा बचाओ अभियान के आरंग ब्लॉक संयोजक हिरामन साहू ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा पर हमला सीधे मजदूरों के पेट पर हमला है। कांग्रेस इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और यह लड़ाई गांव से निकलकर सड़क और सदन तक जाएगी। हिरामन साहू ने यह भी कहा कि आरंग ब्लॉक की प्रत्येक पंचायत में रोजगार दिवस का हाल यह है कि एक व्यक्ति को औसतन मात्र 38 दिवस ही काम मिल पा रहा है, जबकि सरकार 125 दिवस रोजगार देने का दावा कर झूठा नाटक कर रही है। यह सरकार की नीयत और नीति दोनों को उजागर करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने की साजिश बंद नहीं की तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और सरकार को हर गांव में मजदूरों के सवालों का जवाब देना पड़ेगा।




इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रहास साहू, मंडल अध्यक्ष ईश्वर जोगलेकर, तोरण साहू, लीलाराम साहू, मोतीलाल सोनवानी, संतोष तारक, सुरेंद्र यादव, अरुण साहू, रामेश्वर डांडेकर, भूमिका ध्रुव, लेशकुमार साहू, महेंद्र कुमार देवदास, लाकेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में मजदूर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मजदूरों ने सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का संकल्प लिया।

## तरपोंगी में मड़ई मेले की धूम



**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी में मड़ई मेला का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। लंबे अंतराल के बाद मड़ई मेला के आयोजन से गांव में उल्लास का माहौल था। कार्यक्रम में यादव नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शैल महेंद्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ संस्कृति से जुड़ा यह पर्व गांव की खुशहाली के लिए मनाया जाता है। मेला मड़ई में शामिल सभी लोगों को शुभ आशीष प्रदान किया। मंच का संचालन संजय कुमार यादव ने की। इस अवस्त पर जिला पंचायत सभापति शैल साहू व सरपंच देवकी नायक ने रचूली झूला का आनंद लेते हुए मड़ई मेला में खरीदी भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि महेंद्र साहू, क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सावन नायक, सोसायटी अध्यक्ष डॉ. शोभित वर्मा, उप सरपंच संतोष यादव, पूर्व सरपंच मनोज वर्मा, दाऊ विमल नायक, कृष्ण कुमार वर्मा, हाई स्कूल जन भागीदारी के अध्यक्ष मिलेंद्र वर्मा, निनवा सरपंच गोविंद सारंग, सांकरा सरपंच प्रतिनिधि एवन पाटिल, पूर्व जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, मनहरण ध्रुव, पंचायत सचिव कृष्ण कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगरीय निकायों में काम करने वाले सफाई कर्मियों को श्रम विभाग की योजनाओं का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मकारों को भी श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने इसके लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर पात्र सफाई कर्मियों का श्रम विभाग में पंजीयन कराने को कहा है। विभाग ने नगरीय निकायों में काम कर रहे ऐसे सफाई कर्मकार जो ईएसआईसी एवं ईपीएफ की पात्रता नहीं रखते हैं, उनका श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी सिलसिले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालनालय से सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को जारी परिपत्र में पात्र सफाई कर्मकारों को श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने पंजीयन के लिए निर्देशित किया गया है। इसके लिए विभागीय वेबसाइट या मोबाइल एप "श्रमेव जयते" पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विभाग ने सफाई कर्मकारों के बीच असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं।




### 9 योजनाएं चलाता है मंडल

श्रम विभाग द्वारा प्रदेश के ऐसे सफाई कर्मकार जो ईएसआईसी एवं ईपीएफ की पात्रता नहीं रखते हैं, उनका असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीयन कर उन्हें एवं उनके आश्रितों को 9 योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। मंडल में अभी 59 हजार से अधिक सफाई कर्मकार पंजीकृत हैं। असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा पंजीकृत सफाई कर्मकारों एवं उनके आश्रितों के लिए असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, सफाई कर्मकार के लिए आवश्यक उपकरण सहायता योजना, सफाई कर्मकार कौशल उन्नयन योजना, सफाई कर्मकार गंभीर बीमारी चिकित्सा सहायता योजना तथा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही हैं। इनके साथ ही सफाई कर्मकारों के बच्चों को सफाई कर्मकार के पुत्र, पुत्री के लिए विशेष कोचिंग योजना, सफाई कर्मकार पुत्र,पुत्री सायकल सहायता योजना एवं असंगठित कर्मकार छात्रवृत्ति योजना का भी लाभ प्रदान किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### नेताम ने किया समस्याओं का निराकरण

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहयोग केंद्र में सोमवार को 60 से अधिक विषयों से संबंधित 32 आवेदन प्राप्त हुए। सहयोग केन्द्र में सोमवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर उनके आवेदनों का निराकरण किया। इस दौरान सहयोग केंद्र में लगभग 100 कार्यकर्ता पहुंचे। विकास से जुड़े विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। बहुत से आवेदनों का तत्काल निराकरण भी किया गया। इस दौरान सहयोग केंद्र में प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, श्रीमती रंजना साहू, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज मौजूद रहे।

### कैबिनेट कल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 11 फरवरी को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होगी। कैबिनेट में विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सत्र के दौरान लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा कर विधि विभाग को भेजा जाएगा। वहां अन्य विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा कर उसे मंजूरी दी जाएगी।

### 2024 से पहले की अवैध प्लाटिंग को वैध करने की मांग

**रायपुर।** प्रैक्टिशनर इंजीनियर एंड आर्किटेक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर ने वर्ष 2024 के पहले की अवैध प्लाटिंग वैध करने की मांग भारतीय जनता पार्टी की सरकार से की है, ताकि निगम के उन क्षेत्रों में जहां अवैध प्लाटिंग हो चुकी है, वहां पर मार्ग संरचना नगर निगम के द्वारा किया जा सके। इससे आम मध्यम वर्गीय परिवार जो मकान बना चुके हैं और जो जमीन ले चुका है, लेकिन बना नहीं पा रहा है उसे मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, सड़क, बिजली की सुविधाएं मिल सके। मार्ग संरचना ना होने के कारण ना वह उस जगह पर पीडब्ल्यूडी और ना ही नगर निगम विभाग विकास कर पा रहा है।

### आज सहयोग केंद्र में गजेंद्र यादव सुनेंगे समस्याएं

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश सरकार के मंत्री लगातार कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से मुलाकात कर उनके आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। सहयोग केंद्र में आवेदनों का निराकरण होने से कार्यकर्ताओं एवं आमजनों में भारी उत्साह है। 10 फरवरी को कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव सहयोग केंद्र में समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर राव रहेंगे।

## छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग का डिजिटल युग शुरू

# अब आया भुइयां चैटबाट, वाट्सएप पर घर बैठे मिलेगी राजस्व विभाग की सेवाएं

### डायवर्सन भी होगा ऑटोमेटिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग के कामकाज में अब एक नए डिजिटल युग की शुरुआत हो गई है। राज्य के लोगों को राजस्व विभाग से संबंधित सेवाएं भुइयां वाट्सएप चैटबॉट से घर बैठे मोबाइल पर ही मिल सकेगी। यही नहीं, अब जमीनों के डायवर्सन के लिए एसडीएम दफ्तर के चक्कर भी नहीं लगाने होंगे। यह काम ऑटोमेटिक सिस्टम से होगा। डायवर्सन के लिए आनलाइन आवेदन के बाद 15 दिनों में यह काम अफसर को करना होगा, नहीं करने पर ऑटोमेटिक तरीके से डायवर्सन हो जाएगा। दस्तावेज घर पर ही मिलेगा।

### राजस्व मंत्री ने किया सेवा का शुभारंभ

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भुइयां व्हाट्सऐप चैटबॉटऔर आटो डायवर्सन सुविधा का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अभिनव डिजिटल सेवा के माध्यम से अब छत्तीसगढ़ के नागरिक अपने मोबाइल फोन पर ही विभिन्न राजस्व सेवाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल राज्य में ई-गवर्नेंस पारदर्शिता, और नागरिक सुविधा को और अधिक मजबूत करेगी।



### ये मोबाइल नंबर आएगा काम

इस सेवा का उपयोग करने के लिए नागरिक 7289056060 नंबर को अपने मोबाइल में सेव कर वाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं। चैटबाट तुरंत आवश्यक जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

### ये जानकारी, दस्तावेज मिलेंगे वाट्सएप पर

*भुइयां वाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से राजस्व विभाग से संबंधित जानकारी और दस्तावेज वाट्सएप पर घर बैठे मिल जाएंगे। इस सुविधा के माध्यम से ये काम किए जा सकते हैं। जमीन संबंधी जानकारी, राजस्व न्यायालय से संबंधित जानकारी,मोबाइल नंबर जोड़ने हेतु सुविधा, आधार नंबर जोडने हेतु ऑनलाइन आवेदन, किसान किताब हेतु आवेदन और नामांतरण हेतु आवेदन किए जा सकेंगे।*

### अब घर बैठे हो जाएगा जमीन का डायवर्सन

अब नागरिक बिना किसी कागजी कार्रवाई और कार्यालय के चक्कर लगाए, अपने भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर भूमि चयन से लेकर प्रीमियम एवं शुल्क की गणना तक की पूरी प्रक्रिया स्वचालित और सहज होगी। भुगतान के लिए ई-चालान की सुविधा उपलब्ध है, जिससे भुगतान प्रक्रिया तेज और सुरक्षित होगी। आवेदन के साथ छह आवश्यक दस्तावेजों का अपलोड अनिवार्य है, जो प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता, आवेदन जमा होते ही वह स्वचालित रूप से संबंधित सक्षम अधिकारी के पास परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। सक्षम अधिकारी को 15 दिनों के भीतर आवेदन पर निर्णय लेना अनिवार्य होगा, जिससे प्रक्रिया में तेजी आएगी। यदि निर्धारित समय में कोई निर्णय नहीं होता है, तो नागरिक को डिम्ड डाइवर्जन प्रमाणपत्र स्वतः जारी कर दिया जाएगा, जिससे नागरिको को अनावश्यक इंतजार से राहत मिलेगी। नागरिक हित में सुरक्षा प्रावधान के तहत यदि नागरिक द्वारा गणना की गई राशि वास्तविक देय राशि से कम पाई जाती है, तो सक्षम अधिकारी द्वारा सूचना दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आज जिलों में 6,412 जोड़ों का होगा विवाह

### साइंस कॉलेज के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत राज्य स्तरीय विवाह कार्यक्रम से प्रदेशभर के 6 हजार 412 से अधिक जोड़े विभिन्न धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह में बंधेंगे। इन नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में प्रातः 11 बजे से 1,316 जोड़ों का विभिन्न धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न होगा।

इन विवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 35 हजार रुपए उनके बैंक खातें में सहायता राशि और 15 हजार रुपए की राशि के उपहार सामग्री तथा विवाह के आयोजन में खर्च की जाएगी। कार्यक्रम से बलौदा बाजार, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद एवं राजनांदगांव जिलों के जोड़े ऑनलाइन माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे। शेष जिलों में जिला मुख्यालयों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संबंधित प्रभारी मंत्री एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।



### सभी रीतियों से विवाह की व्यवस्था

*मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में हिंदू रीति से 6,281, मुस्लिम रीति से 3, ईसाई रीति से 113, बौद्ध रीति से 5 तथा बैगा समुदाय के 10 जोड़े विवाह सूत्र में बंधेंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से राज्य शासन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर प्रदान कर रहा है।*

### कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ

*मुख्यमंत्री स्थानीय साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में "कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान" का भी शुभारंभ करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में 6 माह से 52 माह आयु वर्ग के 40 हजार कुपोषित बच्चों को कवर किया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत बस्तर संभाग से होगी, जिसमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर एवं सुकमा जिले शामिल हैं।*

# नक्सलियों के खात्मे का संकल्प सिद्ध होने जा रहा है : देवलाल

### 2030 तक बस्तर एक विकसित संभाग होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मार्च तक नक्सलियों के खात्मे का जो संकल्प लिया है, वह अब सिद्ध होने जा रहा है। आज बस्तर में विकास के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं, निश्चित ही वे कार्य बहुत ही तीव्र गति से पूरे होंगे। नक्सलियों की समाप्ति के साथ बस्तर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति विश्वास जगा है, पूरे क्षेत्र में विकास की एक अविरल धारा बह रही है। बस्तर ओलंपिक के जरिए बस्तर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश की साय सरकार काम कर रही है। आदिवासियों के धर्म, संस्कृति एवं संस्कार के लिए बस्तर पंडुम जैसे कार्यक्रम हो रहे हैं। बस्तर अंचल की धर्म, संस्कृति एवं संस्कार को आगे लाया जा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा, बस्तर में रोड कनेक्टिविटी पर तेजी से कार्य हो रहा है। बस्तर में कौशल विकास के क्षेत्र में तेजी से काम चल रहे हैं। आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी युवाओं को रोजगार मिले, उन्हें आर्थिक समृद्धि की ओर आगे बढ़ाने के लिए, बस्तर में रहने वाले समूचे लोगों के विकास के लिए भाजपा की सरकार लगातार कार्य कर रही है। अमित शाह ने बस्तर संभाग को 2030 तक विकसित बनाने के लिए संकल्प लिया है। उन संकल्पों की सिद्धी जल्द ही होगी और 2030 तक बस्तर एक विकसित संभाग हो जाएगा। भाजपा की हमेशा सोच रही है कि अंत्योदय विकास के लिए कार्य करना। प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के लिए अथक प्रयास कर रही है जो 2047 के विकसित भारत को एक बल प्रदान करेगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिल्ली में सीखेंगे सियासत के गुर

### जिला अध्यक्षों के साथ बघेल, महंत, बैज भी दिल्ली पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित नौ राज्यों के कांग्रेस के नव-नियुक्त जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों के लिए 10 फरवरी को नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष दिल्ली रवाना हो गए हैं। यह प्रशिक्षण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

जिलाध्यक्षों को वैचारिक, संगठनात्मक और रणनीतिक रूप से मजबूत बनाने इसका आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के पहले चरण में 10 फरवरी को एक दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। नई दिल्ली के इंदिरा भवन, कोटला मार्ग में इसका आयोजन किया गया है। माना विमानतल से देर शाम की फ्लाइट से शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष बाकलीवाल सहित कई अन्य कांग्रेस नेता रवाना हुए। अन्य जिलों के कांग्रेस अध्यक्ष अपनी सुविधा अनुसार दिल्ली पहुंच रहे हैं।







### बैज, भूपेश और महंत पहुंचे दिल्ली

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी आज शाम दिल्ली रवाना हुए हैं। बताया जाता है कि संगठन के कार्यक्रमों को देखते हुए इन नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में वरिष्ठ नेता भी विभिन्न राज्यों के जिला अध्यक्षों को अपने अनुभवों से अवगत कराएंगे।

### कार्यकारिणी बनाने दो माह का समय

नव नियुक्ति जिला कांग्रेस अध्यक्षों को अपनी नियुक्ति के साथ ही अपनी कार्यकारिणी तैयार करने के लिए दो माह का समय दिया गया है। इस दौरान वे संगठन के कार्यो के अलावा अपनी नई टीम तैयार कर पीसीसी कार्यालय को जानकारी देंगे।

## पूर्व सीएम भूपेश बोले

# शाह ने ही माना था हमारी सरकार में नक्सली घटनाओं में कमी आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भूपेश सरकार में नक्सलवाद को प्रश्रय दिए के आरोपों पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, वे दबाव में इस तरह के बयान दे रहे हैं। केंद्र सरकार ने समय-समय पर हमारी सरकार के काम की सराहना की थी। केंद्र सरकार के मंत्री ने संसद में खुद कहा था कि नक्सली घटनाओं में कमी आई है। उनको यहां बयान देने के बजाय लोकसभा में मौजूद होना चाहिए।



संवाददाताओं से चर्चा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बस्तर के लिए जारी किए गए रोड मैप को लेकर उन्होंने कहा, हमारी सरकार में अमित शाह जब दो बार आए थे, तब एक दौरे में मैं उनके साथ था। दूसरे दौरे में नहीं था, तब वे सुकमा के एक कैंप में रुके थे। तब स्कूल के बारे में पूछा था तब उन्हें पता चला कि स्कूल सामने ही है और पढ़ाई भी होती है। हमने करोना काल में भी राशन लोगों तक पहुंचाया था। लोगों को वनाधिकार पट्टा भी दिया, आंगनबाड़ी भी खोला, ये सब हम पहले ही कर चुके हैं और ये अभी भी रोडमैप ही बना रहे हैं। नक्सलियों से केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने की बंदूक छोड़ने की अपील मामले पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, अमित शाह कई बार इस तरीके से दावे कर चुके हैं। नक्सलवाद समाप्त तब माना जाएगा जब वहां से पैरामिलिट्री फोर्स वापस हो जाएगी। जनप्रतिनिधि जब जेड प्लस सिक्योरिटी के बिना घूमेंगे।

### सहकारिता को खत्म करना चाहती है

उन्होंने कहा कि अमित शाह सहकारिता मंत्री भी हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में सरकार सहकारिता को खत्म करना चाहती है। किसानों से धान खरीदी नहीं की गई। लाखों किसान अपना धान बेचने से वंचित रह गए।

## शहर के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

# कांग्रेस का आरोप- स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भारी अव्यवस्था और फंड का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वामी आत्मानंद स्कूलों की जमीनी हकीकत जानने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर शहर के महोबाबाजार, राजातालाब, मोवा, गोगांव, भाठागांव, लालपुर, भनपुरी, आमापारा, फाफाडीह में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूलों का मुआयना किया। जहां गंभीर अव्यवस्था और फंड की भारी कमी सामने आई।

निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बताया कि शासन द्वारा नियमित रूप से फंड जारी नहीं किए जाने के कारण स्कूलों के संचालन दिक्कत आ रही है। शिक्षकों की कमी, बच्चों की स्कूल ड्रेस, साफ-सफाई, शिक्षण सामग्री, प्रयोगशाला, मरम्मत कार्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। कई स्कूलों में बच्चों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, इससे सरकार की शिक्षा नीति पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस दौरान यह मामला भी सामने आया कि रायपुर शहर के अधिकांश स्वामी आत्मानंद स्कूलों पर लगभग 10 से 15 लाख रुपए तक का बिजली बिल बकाया है। शासन द्वारा समय पर फंड जारी नहीं किए जाने के कारण स्कूल प्रबंधन बिजली बिल तक जमा नहीं कर पा रहा है, जिससे कई स्कूलों में विद्युत कनेक्शन कटने की स्थिति बन रही है।



### विद्यार्थियों को सालभर से नहीं मिली यूनिफार्म

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि राजधानी में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंचकर जानकारी लेने पर जानकारी मिली कि विगत एक साल से बच्चों की यूनिफार्म यहां नहीं पहुंची है और पूरे स्कूल में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। उसके बाद भी एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है और पांच शिक्षकों की कमी बनी हुई है। 2 प्यून भी कम हैं। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिलिंद गौतम, मंडल अध्यक्ष देव दीवान कुर्रे, विक्की वाधवानी, सेवक महानंद, अमितेश भारद्वाज, सुशांत डे, शहनाज बेगम, पवन प्रधान, सुरेश वर्मा, महादेव अग्रवाल, नरेंद्र भारती, रानू कुर्रे समेत अन्य शामिल रहे।



### अर्जुमन ने लिया आत्मानंद स्कूलों का जायजा



ले. अरविंद दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व वार्ड पार्षद अर्जुमन ढेबर के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व महापौर एजाज ढेबर, ब्लॉक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वामी आत्मानंद स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूलों में व्याप्त गंभीर अनियमितताओं को लेकर जानकारी ली गई तथा संबंधित प्राचार्यों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने आत्मानंद स्कूलों में लगातार सामने आ रही शैक्षणिक अनियमितता, बच्चों में बढ़ती नशाखोरी, आपसी मारपीट, स्कूलों में मूलभूत व्यवस्थाओं का अभाव एवं असामाजिक गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। इन समस्याओं को बच्चों के भविष्य के लिए बेहद घातक बताते हुए तत्काल सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### कांग्रेस करेगी आंदोलन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा सरकार शिक्षा को लेकर सिर्फ प्रचार कर रही है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिन स्कूलों को आदर्श बनाने का दावा किया गया था, वही आज संसाधनों के अभाव में जूझ रहे हैं। सरकार तत्काल लंबित फंड जारी नहीं करती है और स्कूलों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

### ये थे मौजूद

इस दौरान प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, पंकज शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शिव सिह ठाकुर, एजाज ढेबर, आकाश तिवारी, आकाश शर्मा, जी श्रीनिवास, देवकुमार साहू, बंशी कन्नौजे, विजय टंडन, मिलिंद गौतम, हीरेंद्र देवांगन, अर्जुमन ढेबर, कमल धृतलहरे, सुयश शर्मा, ओम श्रीवास, विनोद ठाकुर, सुधा सरोज, किशन बाजारी, सुजीत सिह, अन्नू साहू, आकाश दीवान, रवि थामस, अशोक ठाकुर, ब्रम्हा सोनकर, सुनील भुवाल, संजय सोनी, सुरेंद्र चौधरी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### यूजीसी के नए नियम के विरोध में राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के अधिकार के तहत सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के हितों के विपरीत जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने वाला नियम बनाने की बात कही जा रही है। इस नियम को वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों का कहना है कि इससे दुर्भावनावश की गई शिकायतों से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का भविष्य पूर्णतः बर्बाद हो जाएगा, यह नियम संविधान के समानता के अधिकारों व प्राकृतिक नियम के विपरीत है। उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम लोकभवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर नए नियम पर विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष अरविंद ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, डॉ. सुनील कुमार ओझा, नितिन कुमार झा, सुमन मिश्रा, प्रीति मिश्रा, विनीता मिश्रा, विद्या भट्ट, अनिता राव, सुनीता शर्मा, राजकुमार दीक्षित, शैलेष शर्मा, राघवेंद्र पाठक, अभिषेक त्रिपाठी, रामवृत्त तिवारी, रवि शर्मा आदि प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे।

## निधन

### भगवानी आसवानी

रायपुर। केसी विला सिविल लाइन



निवासी भगवानी जेठानंद आसवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश, नरेश, नवीन आसवानी की चाची थीं।

### संतोष श्रीवास

रायपुर। रावतपुरा कॉलोनी फेस-1



निवासी संतोष श्रीवास (65) का 7 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे गायत्री श्रीवास के पति और आकाश, विकास, किरण के पिता थे।

# उचित मूल्य की दुकानों से मिठास 9 दिन से गायब, शक्कर नहीं मिलने के कारण नमक का भी वितरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों से शक्कर गायब हो गई है। फरवरी के लिए अब तक उचित मूल्य की दुकानों में शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण कार्ड धारकों को भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इधर शक्कर की आपूर्ति नहीं होने से नमक भी नहीं मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर और नमक की एक साथ उचित मूल्य की दुकानों में आपूर्ति की जाती है। यही कारण है कि शक्कर के साथ नमक का वितरण भी दुकानों में नहीं हो पा रहा है। इधर इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम की जिला अधिकारी ने कहा कि सोमवार को गोदामों में शक्कर का भंडारण हो गया है। इसके साथ ही उचित मूल्य की दुकानों में दोपहर बाद से आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। मंगलवार से आपूर्ति में और तेजी लाई जाएगी, ताकि जिले के प्रत्येक दुकान में शक्कर का वितरण हो सके।

## कार्डधारकों की परेशानी कम होने की जगह और बढ़ गई

### चावल भी राज्य का दो माह और केंद्र का एक माह का वितरण

राशन दुकानों में दो माह का चावल वितरण से भी हितग्राही अब परेशान हो रहे हैं। राज्य सरकार ने फरवरी और मार्च माह का चावल एक साथ वितरण करने का आदेश जारी किया है। इसके तहत ऑनलाइन आवंटन में दो माह का चावल दिखा भी रहा है, लेकिन केंद्र सरकार का चावल एक माह का ही वितरण हो रहा है। इसके कारण दुकानों में कार्ड धारक को राज्य के कोटे का चावल दो माह का मिल रहा है, लेकिन केंद्र कोटे का चावल एक महीने का ही मिल रहा है। इसके कारण कार्ड धारक को केंद्र कोटे का अगले महीने का चावल मार्च में ही मिलेगा। इस तरह धारक को केंद्र कोटे का चावल लेने के लिए अगले महीने भी दुकान जाना पड़ेगा। इससे कार्ड धारकों की परेशानी कम होने की जगह और बढ़ गई है।



**8 दिनों से गायब थी**

राशन दुकानों में 8 दिनों से शक्कर गायब थी, जिससे हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। आज से भंडारण शुरू हुआ है, जिसके बाद वितरण होने लगा है।

*- नरेश बाफना, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ*

**गाड़ी आ गई है**

शक्कर की गाड़ी आ गई है। दोपहर बाद से दुकानों में इसकी आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। मंगलवार से आपूर्ति और तेज की जाएगी, ताकि किसी भी दुकान से हितग्राही को खाली हाथ लौटना नहीं पड़े।

*- हेलेना तिग्गा, डीएम छग नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर*

### *भोरमदेव शक्कर कारखानों से आपूर्ति नहीं होने से दुकानों में नहीं पहुंच पाई शक्कर*

*उचित मूल्य की दुकानों में शक्कर के गायब होने का कारण भोरमदेव शक्कर कारखानों से इसकी आपूर्ति नहीं होना बताया गया है। सूत्रों से पता चला कि भोरमदेव कारखाना से नागरिक आपूर्ति निगम में जो शक्कर का खेप हर महीने आता है, उसमें विलंब हुआ है। यही कारण है कि फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में जिले में किसी भी दुकान में शक्कर का वितरण नहीं हो पाया। शक्कर की आपूर्ति नहीं होने के कारण दुकानों में नमक की भी आपूर्ति प्रभावित रही। हालांकि नमक का पर्याप्त भंडारण गोदामों में है, लेकिन नमक और शक्कर की आपूर्ति एक साथ दुकानों में गोदाम से कराई जाती है, इसलिए कई दुकानों में नमक का भी वितरण नहीं हो पाया है।*

# होटल-बार, ढाबा, क्लब और रेस्टोरेंट पर पुलिस की सख्ती, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद अब पुलिस ने राजधानी रायपुर में संचालित होटल, बार, ढाबा, क्लब एवं रेस्टोरेंट पर भी सख्ती करना शुरू कर दिया है। इसके तहत पुलिस उपायुक्त (क्राईम एवं साईबर) ने समस्त होटल, बार, ढाबा, क्लब एवं रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक की, जिसमें सभी को 26 बिंदूओं के नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई हैं। इन नियमों के तहत रात 12 बजे तक सभी को संस्थान बंद करने का आदेश दिया गया है, साथ ही उनके यहां कार्यरत पूरे स्टॉफ का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरिफिकेशन कराने के भी निर्देश दिए है। इसके अलावा परिसर में सीसीटीवी सहित अन्य कई नियम हैं जिनका पालन करने के लिए कहा गया है। इन नियमों का पालन नहीं करने वाले संचालकों के विरुद्ध नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

- **स्टॉफ का वेरिफिकेशन सहित 26 नियमों का करना होगा पालन**

सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में पुलिस उपायुक्त ने ली बैठक

राजनाला ने रायपुर के समस्त होटल, बार, क्लब, ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक ली। यह बैठक शहर में कानून-



व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से ली गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गौरव मंडल एवं अनुज कुमार सहायक पुलिस आयुक्त संजय सिंह, निरीक्षक सचिन सिंह, उप निरीक्षक अतुलेश राय सहित होटल, बार, क्लब, ढाबा एवं रेस्टोरेंट के संचालक भी उपस्थित रहे।

समस्त संचालकों द्वारा संबंधित थाना प्रभारी एवं एसीसीयू बीट प्रभारी का संपर्क नंबर रखा जाए। संस्थान के किसी भी स्थान को सीसीटीवी कैमरे के बिना न रखा जाए। रजिस्टर में ग्राहकों का पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए तथा दस्तावेजों का कम से कम 1 वर्ष तक संधारण किया जाए। किसी भी प्रकार के सिंथेटिक, सुखे नशे के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा तथा युवा पार्टियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही फ्री ड्रिंक्स, फ्री एंट्री एवं लेडीज नाइट पार्टी नहीं करने का सुझाव भी पुलिस ने संचालकों को दिया है।

**इन नियमों का पालन करने दिए गए निर्देश**

होटल एवं रेस्टोरेंट में कार्यरत समस्त स्टाफ का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराना होगा, उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे सड़क की दोनों दिशाओं को कवर करते हुए लगाने तथा कम से कम 30 दिवस का बैकअप सुरक्षित रखना होगा। पार्किंग एवं आउटर एरिया में सीसीटीवी कैमरे व लाईट अनिवार्य रूप से लगाना होगा। ग्राहकों द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर का तत्काल सत्यापन, ग्राहक के फोटो, आगमन का माध्यम एवं वाहन नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। मास्क लगाकर आने वाले ग्राहकों से मास्क खुलवाकर फोटो लेना है, रूम अलॉटमेंट के समय ग्राहकों के दस्तावेजों का दुरुपयोग न हो तथा उनका उचित संधारण किया जाए। एक ही रूम में पार्टी के लिए बुकिंग नही दी जाए तथा अवैध शराब पिलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देनी होगी, पार्किंग स्थान में शराब सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाया जाएगा एवं रात 12 बजे के बाद सभी संस्थान को अनिवार्य रूप से बंद करना होगा। रात 12 बजे के बाद किसी भी प्रकार की पार्टी नहीं की जाएगी। किसी भी पार्टी के आयोजन के लिए पूर्व अनुमति लेना होगा। नाबालिग का प्रवेश एवं रूम बुकिंग प्रतिबंधित रहेगा। नारकोटिक्स एवं अन्य मादक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विदेशी नागरिकों के ठहरने पर फॉर्म-सी भरवाना अनिवार्य होगा। स्पेशल इवेंट के लिए एफएल-5 लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा तथा एंट्री-एग्जिट प्वाइंट अलग-अलग रखें जाएं जिससे भगदड़ की स्थिति ना हो। फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच कर उसे दुरुस्त रखा जाए। नाइट पार्टी में क्षमता के अनुसार ही पास जारी किए जाएं। यातायात सुगम रखने के लिए सड़क पर वाहन पार्किंग नहीं कराए। ड्रग्स का किसी भी परिस्थिति में अनुमति नहीं दी जाए। पार्टी के दौरान चाकू, एयरगन, लाइटर गन आदि प्रतिबंधित है। सिक्योरिटी गार्ड एवं बाउंसरों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा तथा उनकी सूची एसीसीयू कायालय में जमा की जाएगी।

# शहर की सड़कों पर नहीं लगेगा ट्रैफिक जाम, आयुक्त विश्वदीप ने बनाया संयुक्त प्लान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में शाम के समय लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से अब नागरिकों को राहत मिलेगी। इसके लिए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने संयुक्त प्लान बनाया है। प्लान के मुताबिक राजधानी के ऐसे हॉट स्पॉटस जहां ट्रैफिक का दबाव सबसे अधिक रहता है, वहां रोजाना शाम को ट्रैफिक विभाग, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई की संयुक्त टीम क्षेत्र की मानिटरिंग कर जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेगी। सड़क सुरक्षा के लिए निगम आयुक्त ने पांच सूत्रीय फार्मूला सुझाया है।

- **जीई रोड, एमजी रोड सहित प्रमुख मार्गो पर होगी सख्ती**

महात्मा गांधी सदन में सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस, एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसमें आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर के प्रमुख व्यापारिक और व्यस्त क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना अब प्राथमिकता होगी। एमजी रोड जीई रोड और मालवीय रोड जैसे इलाके शहर की लाइफलाइन है। शाम के समय इन क्षेत्रों में लगने वाला जाम न केवल लोगों के समय की बरबादी होती है, बल्कि प्रदूषण और मानसिक तनाव का कारण बनता है।

### सड़क सुरक्षा के लिए 5 सूत्रीय फार्मूला

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सड़क सुरक्षा के लिए 5 सूत्रीय फार्मूला बनाया गया है। जिसमें सभी प्रमुख सड़कों पर स्पष्ट रूप से लेन मार्किंग की जाएगी। पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए जेब्रा क्रांसिग को व्यवस्थित किया जाएगा। ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग और संचालन को ट्रैफिक दबाव के अनुसार अपडेट करना, मानकों के विपरीत बने स्पीड ब्रेकर्स को सुधारने का कार्य।

*बैठक में यातायात डीसीपी विकास कुमार , एडीसीपी विवेक शुक्ला, नगर निगम के अपर आयुक्त पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, अधीक्षण अभियंता इमरान खान, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, आशुतोष सिंह, अंशुल शर्मा जूनियर सहित एनएचआई और सीएसईबी के अधिकारी मौजूद रहे।*

### राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर में क्षार कर्म पर कार्यशाला

रायपुर। राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर द्वारा पाइल्स जैसी गंभीर बीमारी के आयुर्वेदिक उपचार क्षार कर्म विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्र के डायरेक्टर डॉ. केबी श्रीनिवास राव ने किया। इस कार्यशाला में आयुर्वेद के अनुभवी चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षार कर्म चिकित्सा पद्धति की सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से उपचार की संपूर्ण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला, जिससे उन्हें वास्तविक क्लीनिकल अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पाइल्स जैसी जटिल बीमारी के लिए सुरक्षित, प्रभावी एवं आधुनिक आयुर्वेदिक उपचार पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



### मैट्स स्कूल ऑफ फार्मेसी में स्वास्थ्य शिविर

रायपुर। मैट्स स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा रोगों की

## बिजनेस साइट



रोकथाम को प्रोत्साहित करना था। शिविर का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. पविंदर हंसपाल द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, वजन, ऊंचाई, ऑक्सीजन स्तर एवं बॉडी मास इंडेक्स की जांच की गई। फार्मेसी विभाग के संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन तथा जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम पर परामर्श दिया। शिविर में बड़ी संख्या में शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### आईएसबीएम विवि में विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम संपन्न

रायपुर। आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नियमावली, पाठ्यक्रम संरचना एवं उपलब्ध सुविधाओं से अवगत



कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और सतत परिश्रम का महत्व बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रीता दीवानजी ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, कौशल और मूल्यों के विकास हेतु प्रेरित किया। वहीं डॉ. त्रिलोक चंद बाघ ने प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से निरंतर मेहनत और समर्पण को सफलता की कुंजी बताया। ओरिएंटेशन के दौरान विजन-मिशन, लाइब्रेरी, ई-लर्निंग, डिजिटल संसाधन एवं छात्र कल्याण सुविधाओं की जानकारी दी गई।

### कलिंगा विवि ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया राष्ट्रीय वेबिनार

रायपुर। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा 'बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के टिप्स' विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वेबिनार में स्मार्ट स्टडी प्लानिंग, प्रभावी रिवीजन तकनीक, उत्तर लेखन कौशल, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन तथा अंतिम समय की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्र के मुख्य वक्ता समीर रत्नापार्खे, मैनेजर, करियर एवं कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर, कलिंगा विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, विषयों की गहरी समझ और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी।



## मरीन ड्राइव में सुबह-शाम भ्रमण करने वालों को नहीं लगेगा पार्किंग शुल्क

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा तालाब किनारे मरीन ड्राइव में रोज सुबह और शाम भ्रमण करने वालों को नगर निगम ने पार्किंग शुल्क में राहत दी है। उन्हें अब किसी तरह का पार्किंग शुल्क नहीं देना होगा। महापौर मीनल चौबे ने जनहित में यह फैसला लिया है। उनके निर्देश पर सोमवार को उपायुक्त राजस्व जागृति साहू ने राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार सिंह बागल, जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष -सीमा साहू और शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड पार्षद प्रदीप वर्मा सहित बाजार विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मरीन ड्राइव वाहन पार्किंग स्थल का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहन पार्किंग के लिए स्थान चिन्हांकित किया गया। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व विभाग व बाजार विभाग ने तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में सुबह एवं शाम को भ्रमण करने वाले नागरिको को राहत दी है।



## पेज 09 के शेष ...

### बीच सड़क पर ट्रक का एक्सल ..

ट्रेलर से टकराने से बचने के लिए ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाया होगा, जिससे ट्रक का एक्सल टूट गया होगा। इसके साथ ही यह भी आशंका जताई जा रही है कि मशीन से लदे ट्रेलर के साइड से ट्रक निकालने के दौरान कोई गाड़ी आ गई होगी। उसको बचाते समय ट्रक ड्राइवर ने तेजी से ब्रेक लगाया होगा और एक्सल टूट गया होगा। घंटों जाम से परेशान होते रहे लोग : ट्रक फंसने की घटना के बाद रात से ही रिंग रोड से लेकर ओवरब्रिज में ट्रकों की लंबी कतारें लगती रहीं। ट्रैफिक पुलिस को रिंग रोड में आवाजाही रोकनी पड़ी। मुख्य मार्ग बंद होने के बाद ट्रक सर्विस रोड के रास्ते से होकर गुजरने लगे। इसके चलते सर्विस रोड में दोपहर 12.30 बजे तक जाम की स्थिति रही। क्रेन की मदद से ट्रक में लदे माल को खाली कराया गया और ट्रक को साइड किया गया, उसके बाद सामान्य आवाजाही शुरू हो पाई।

### गड़बड़ियों की ऐसी फांस जिसमें ...

गड़बड़ियां भी पाई गई हैं, जिनमें कई ऐसे क्षेत्रों के लैंड यूज बदल दिए गए हैं, जहां जनप्रतिनिधियों और रसूखदारों की बड़ी जमीनें हैं। इन गड़बड़ियों का निराकरण होता है, तो लैंड यूज बदलना होगा, जिससे जनप्रतिनिधि एवं रसूखदारों को करोड़ों रुपए के नुकसान होने की संभावना है। इधर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अफसर संशोधित मास्टर प्लान के लागू नहीं होने के पीछे का कारण जांच रिपोर्ट का दोबारा बारीकी से परीक्षण किया जाना बता रहे हैं, जबकि जांच रिपोर्ट का तीन बार शासन स्तर पर प्रेजेंटेशन हो चुका है। इसके बाद इन गड़बड़ियों के निराकरण किए जाने का दावा भी खुद अफसर करते आए हैं। ***लैंड यूज बदलने से कई क्षेत्रों की जमीनों की कीमत लाख से करोड़ तक पहुंच गई:*** मास्टर प्लान में सबसे बड़ी गड़बड़ियां लैंड यूज में की गई हैं। जिस क्षेत्र में कृषि भूमि है, उसे आवासीय या मिश्रित कर दिया है। लैंड यूज बदलने से जमीन की कीमत भी लाख से करोड़ में पहुंच गई है। इसके अलावा कहीं आबादी बस्ती को तालाब, कहीं तालाब को आबादी भूमि बताया दिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2011 में लागू किए गए मास्टर प्लान 2021 में 28 से अधिक पुरानी सड़कों को चौड़ा करने का प्रस्ताव शामिल था। इन सड़कों की चौड़ाई घटाकर नए मास्टर प्लान में शामिल किया है।

### 6 बिंदुओं पर कमेटी ने की ...

ने 6 बिंदुओं पर इन गड़बड़ियों की जांच की थी, जिसमें शिकायत, सड़क, तालाब, लैंड यूज एवं असंगत-अकार्यक्षम भूमि का उपयोग शामिल थे। कमेटी की प्रारंभिक जांच में ही 70 से अधिक गड़बड़ियां पाई गईं। बाद में इनकी संख्या बढ़कर 170 के करीब पहुंच गई थी। इसमें छोटी और बड़ी गड़बड़ियां दोनों शामिल हैं।

### कवासी ने मांगी विस सत्र में ...

लखमा को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की अवधि में प्रदेश से बाहर रहने के आदेश भी दिए हैं। साथ ही विधानसभा की कार्रवाई में हिस्सा लेने पर फैसला विधानसभा अध्यक्ष पर छोड़ दिया है। बताया गया कि कोर्ट के आदेश के बाद लखमा ओडिशा के मलकानगिरी में शिफ्ट हो गए हैं। उन्होंने ओडिशा जाने से पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर बजट सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति के लिए आवेदन भी दिया है। बताया जाता है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कवासी लखमा के आवेदन पर विधानसभा सचिवालय से अभिमत मांगा है। सचिवालय से अभिमत मिलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष कवासी को अनुमति देने पर फैसला लेंगे। विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है।

### मलकानगिरी पहुंचे ..

न्यायालय द्वारा निर्धारित सभी शर्तों का सख्ती से पालन करेंगे। मलकानगिरी में अपने प्रवास के दौरान, वह क्षेत्र की समस्याओं को समझने और लोगों से जुड़े रहने का प्रयास करेंगे।

### विदेश में डॉक्टरी की पढ़ाई ...

वहां का खर्च वहन करने वाले आसानी से मेडिकल कालेजों में एडमिशन लेकर पढ़ाई शुरू कर देते हैं। कठिनाई तब सामने आती है, जब उन्हें डाक्टरी करने भारत लौटना पड़ता है, जिसके लिए यह परीक्षा अनिवार्य होती है। दिसंबर में इस परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के 30 विद्यार्थियों के साथ देशभर के 44 हजार लोगों ने हिस्सा लिया था। जनवरी के अंतिम दिनों में घोषित परिणाम में 10264 लोगों को सफलता मिली, जिसमें 21 छत्तीसगढ़ के थे। राष्ट्रीय स्तर पर इस परीक्षा में 24 प्रतिशत लोग सफल हुए और कम संख्या होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में 70 फीसदी लोग पास हुए। एफएमजी की इस परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले राज्य के मेडिकल काउंसिल में अपना पंजीयन कराने के बाद मरीजों का इलाज कर सकते हैं। यह परीक्षा कुल 300 अंकों की होती है, जिसमें परीक्षार्थी को 150 अंक लाना अनिवार्य होता है।

### नोटों की बारिश कराने के ...

गिरफ्तार किया है। रुस्तम ने पुलिस को बताया है कि एक वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात राहुल से सुपेला में हुई थी। रुस्तम प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। रुस्तम के प्रापर्टी डीलर होने की जानकारी मिलने पर राहुल ने रुस्तम के साथ जान पहचान बढ़ाने के साथ उनके साथ मेल जोल बढ़ाया और उसे तंत्र-मंत्र के भ्रम जाल में फंसाया।

### तंत्र-मंत्र से पैसों की बारिश होने ..

करने पहुंचे। रुस्तम दोनों को अपने गुढ़ियारी स्थित कार्यालय लेकर गया। दोनों जालसाजों ने तंत्र क्रिया के नाम पर रुस्तम को पैसे लाने के लिए कहा। इस पर रुस्तम ने दोनों जालसाजों को साढ़े तीन लाख रुपए दिए। रुपए लेने के बाद दोनों जालसाज रुस्तम को कार्यालय के बाहर बैठने के लिए कह कर अंदर फर्जी तांत्रिक क्रिया करने का नाटक किया। तंत्र क्रिया करने का नाटक करने के बाद जालसाजों ने रुस्तम द्वारा दिए गए नोट समेट लिए और उसके बैग में बच्चों के पिग्गी बैंक के नोट भर कर श्मशान घाट की मिट्टी लाने की बात कह कर रुपए लेकर फरार हो गए। काफी देर इंतजार करने के बाद दोनों नहीं लौटे, तो रुस्तम ने बैग खोलकर देखा। बैग में असली नोटों की जगह बच्चों के खेलने वाले नोट मिले।

**ईश्तहार**

पत्र क्रं/27039/ न.पा.नि./जोन क्रं - 10/2026
रायपुर, दिनांक 03/02/2026
नामांतरण प्र.क्र. 27039
वार्ड का नाम - 53, बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651100270 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती TAMANNA JAIN पिता / पति श्री/श्रीमती NARENDRA KUMAR JAIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती MAVJIBHAI MANJIBHAI CHAUDHARI पिता/पति श्री श्रीमती S/O MANJIBHAI CHAUDHARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर) जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 10**

**//आम सूचना //**

जारी दिनांक 02/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विमलचंद बरड़िया पिता स्व. रंगलाल जी बरड़िया निवासी पटवा भवन के सामने टैगोर नगर रायपुर. छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम फुंडहर पटवारी हल्का नंबर 68 राजस्व निरीक्षक मण्डल 10 रायपुर मे स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर, 56/1 रकबा 0.0780 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 14/11/2025 के परिपालन मे दिनांक 24/02/2026 को समय 01 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि मे पटवारी हल्का नम्बर 68 के फुंडहर में स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर - 10**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- सीनि.एम.आई.जी. - 409 को श्री पंकज जायसवाल पिता डॉ.उमा शंकर जायसवाल पताः- सपना इंटरप्राईजेस, 21, कामर्सियल काम्पलेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर दिया है। पंजीयन (रजिस्ट्री) एवं आधिपत्य की कार्यवाही शेष है। श्री पंकज जायसवाल पिता डॉ. उमा शंकर जायसवाल की मृत्यु दिनांक 29.11.2025 को हो गयी है। श्रीमती ममता जायसवाल पति श्री पंकज जायसवाल ने अपने पति श्री पंकज जायसवाल की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम श्रीमती ममता जायसवाल पति स्व.श्री पंकज जायसवाल के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त स्वतंत्र भवन को श्रीमती ममता जायसवाल पति स्व. श्री पंकज जायसवाल के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

## जोरा में मेमू ट्रेन का पैसेंजर हाल्ट बनाने की मांग

रायपुर। जोरा क्षेत्र में स्थित साईंनगर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण जल्द ही किया जाएगा। यह भवन स्थानीय निवासियों के लिए विभिन्न सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी। लोकार्पण के दौरान साईं दर्शन आवासीय समिति के पदाधिकारी सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर न्यू मेमू लोकल ट्रेन का पैसेंजर हाल्ट जोरा में बनाने की मांग करेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सांसद श्री अग्रवाल से श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा पहले भी यह मांग रखी गई थी कि आसपास के अनेक गांवों का केंद्र जोरा में नई राजधानी तक चलने वाली लोकल ट्रेन का ठहराव होना ही चाहिए। इस संदर्भ में भारतीय रेल के रायपुर और बिलासपुर जोन के सक्षम अधिकारियों द्वारा जोरा में पैसेंजर हाल्ट की संभावना को लेकर उनके पत्राचार पर फोकस किया गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## रात से दोगुना हुआ दिन का तापमान, अभी और बढ़ेगा पारा

**रायपुर।** नमीयुक्त हवा का प्रभाव बढ़ने के बाद शहर में दिन का तापमान रात से दोगुना हो गया है। इसमें अगले दो से तीन दिन तक बढ़ोतरी होने की संभावना है और चार डिग्री नीचे दर्ज किए जा रहे अंबिकापुर के तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से गर्म कपड़ों का उपयोग कम हो चुका है। राज्य में आने वाली हवा अपनी दिशा बदल-बदलकर प्रवेश कर रही है। इसकी वजह से कभी तापमान में कमी तो कभी बढ़ोतरी महसूस हो रही है। शुष्क हवा की कमी के कारण पिछले चौबीस घंटे में लालपुर के मौसम वेधशाला में दिन-रात के तापमान में बड़ा अंतर है। यहां का न्यूनतम तापमान में 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहां दिन का अधिकतम पारा 30.7 डिग्री तक पहुंचा। आने वाले दिनों में हवा में नमी की मात्रा बढ़ने से रात के तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। अब दिन ठंड वाली स्थिति पूरी तरह गायब हो चुकी है और रात का मौसम भी सामान्य हो चुका है।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला आज

**रायपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर महाराष्ट्र मंडल और संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में 10 फरवरी को कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर पॉवर पॉइंट के माध्यम से लोगों को सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग कैसे करें, कैसें साइबर क्राइम से अपने आपको बचाएं और कैसे अपने पढ़ाई, रोजगार-स्वरोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंटरनेट का सार्थक उपयोग कैसे करें... जैसे बिंदुओं पर जानकारी देंगे। सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर होने वाली कार्यशाला में स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग करने की जानकारी दी जाएगी।

## खालबाड़ा बीएसयूपी में लचर सफाई व्यवस्था ठेका निरस्त

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के महात्मा गांधी वार्ड अंतर्गत बीएसयूपी आवासीय परिसर खालबाड़ा में लचर सफाई व्यवस्था होने पर सफाई ठेकेदार मेसर्स आदित्य इंटरप्राइजेस का सफाई ठेका निरस्त कर दिया गया है। जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से सफाई ठेका निरस्त कर दिया है। जोन 9 कमिश्नरी ने खालबाड़ा बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई व्यवस्था में कोताही के कारण गत 18 जुलाई, 29 जुलाई, 2 सितंबर, 30 सितंबर 2025 को संबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी किया। सफाई ठेकेदार का सफाई ठेका 16 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2026 तक की अवधि के बाद समाप्त होने के बाद नियम अनुसार सहमति पत्र पर 3 माह बढ़ाने का प्रस्ताव था, पर संबंधित ठेकेदार द्वारा सहमति पत्र नहीं दिया गया।

# अब फैब्रिक एंड अपैरल डिजाइन की डिग्री भी ले सकेंगे डिस्टेंस लर्निंग से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने जनवरी 2026 सत्र के लिए फैब्रिक एंड अपैरल डिजाइन में चार वर्षीय बीएससी प्रोग्राम शुरू किया है, जिसे छात्र घर बैठे ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में कर सकते हैं। यह कोर्स चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के तहत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में कराया जाएगा, जिससे छात्र घर बैठे पढ़ाई कर सकेंगे। इस प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों को टेक्सटाइल, फैशन डिजाइन और कपड़ों के निर्माण की अच्छी समझ देना है। इसमें थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल स्किल्स पर भी जोर दिया गया है, ताकि छात्र आगे चलकर फैशन और टेक्सटाइल इंडस्ट्री में करियर बना सकें। फैब्रिक एंड अपैरल डिजाइन में बीएससी के लिए वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने अंग्रेजी माध्यम से विज्ञान विषय के साथ 12वीं कक्षा पास की हो। 12वीं पास किए हुए उम्मीदवारों को 3 से 6 वर्ष पूरे हो चुके हों, तभी वे आवेदन के पात्र होंगे। पंजीकरण और विकास शुल्क को छोड़कर, इस प्रोग्राम की फीस 11,000 रुपए प्रति वर्ष है। यह बीएससी प्रोग्राम कुल 120 क्रेडिट का है। कोर्स की अवधि तीन वर्ष है। इस कार्यक्रम की परीक्षाएं हर साल आयोजित की जाएंगी।

- टेक्सटाइल, फैशन डिजाइन और कपड़ों के निर्माण जैसी चीजें शामिल रहेंगी पाठ्यक्रम में
- थ्योरी के साथ-साथ जोर दिया जाएगा प्रैक्टिकल स्किल्स पर



### बढ़ाई गई है आवेदन तिथि

इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसके लिए आवेदन किए जा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए अभ्यर्थियों को अपनी मान्य ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर की मदद से नया पंजीकरण करवाना होगा। आवेदन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, शुल्क सहित अन्य सभी जानकारी इग्नू ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है गौरतलब है कि सत्र 2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई थी। बाद में इसमें वृद्धि करते हुए 15 फरवरी तक का समय दिया गया है।

### मल्टीपल एग्जिट विकल्प भी

इस बीएससी फैब्रिक एंड अपैरल डिजाइन प्रोग्राम के तहत छात्रों को प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि देशभर के विद्यार्थी आसानी से पढ़ाई कर सकें। इस कार्यक्रम में मल्टीपल एग्जिट विकल्प भी दिए गए हैं। पहले वर्ष के बाद छात्रों को यूजी सर्टिफिकेट, दूसरे वर्ष के बाद यूजी डिप्लोमा, तीसरे वर्ष के बाद बीएससी डिग्री और चौथे वर्ष के बाद बीएससी (ऑनर्स) की डिग्री प्रदान की जाएगी।

**शहरवासियों की प्यास बुझाने 100 बोरवेल की प्लानिंग**

### फरवरी से ही भूजल स्तर में गिरावट

# ज्यादा लो प्रेशर वाले एरिया में बोरवेल खनन की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के ज्यादा लो प्रेशर वाले इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने नगर निगम बोरवेल खनन कराएगा। शहरभर में इस तरह के 100 बोरवेल खनन कराने की योजना है, यह संख्या पिछले बार के गर्मी सीजन में कराए गए बोरवेल खनन से ज्यादा है। गत वर्ष गर्मी में 65 जगहों पर बोरवेल खनन कराने की नौबत आई। अब की बार जोन 9 के वार्डों में सबसे ज्यादा 21 जगहों पर बोरवेल खनन की डिमांड है। इसी तरह अन्य जोन से भी पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में बोरवेल खनन की मांग होने लगी है।

दरअसल, बारिश के पानी को सहजने में कोताही का असर राजधानी में दिखने लगा है। कचना में जहां पहले 400 फीट की गहराई में पानी मिल जाता था, अब वहां भूजल स्तर 600 फीट गहराई तक जा पहुंचा है। फरवरी के शुरुआत में ही शहर के आउटर वार्डों सहित अंदरूनी रिहाइशी इलाकों में पानी की समस्या शुरू हो गई है। लभांडी की संकल्प सोसाइटी फेज 2 में बोरवेल का स्तर नीचे जाने से वहां नगर निगम को पानी का टैंकर भेजना पड़ रहा है। कचना इलाके के स्वास्तिक नगर के सैकड़ों रहवासी पानी की समस्या से परेशान हैं। यहां अब तक नगर निगम ने पीने के पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाई है। बोरवेल के माध्यम से यहां पानी की आपूर्ति होती है, पर 800 लोगों की जरूरत के हिसाब से एक बोरवेल अपर्याप्त है, इसलिए इस एरिया में कम से कम 2 बोरवेल खनन की मांग प्रभावित इलाके के रहवासियों ने निगम आयुक्त विश्वदीप से की है। इसी प्रकार जोन 4 के आधा दर्जन इलाकों में लो प्रेशर की समस्या लगातार बनी हुई है, इनमें न्यू पंचशील नगर, कटोरातालाब सूर्या अपार्टमेंट इलाका, मीनाक्षी ब्यूटी पार्लर के पास वाला क्षेत्र, ब्राम्हणपारा वार्ड के सोहागामंदिर के पीछे वाला क्षेत्र, कंकाली तालाब के पास रामजानकी मंदिर वाला इलाका, ढीमरपारा, पटवा पारा, महिला थाना के पास का क्षेत्र , पुराना शांतिनगर नगर क्षेत्र भनपुरी, खमतराई, खम्हारडीह, श्रीनगर, शिवानंद नगर, फाफाडीह, मोवा, सड्डू और दलदल सिवनी के कुछ इलाकों ऐसे हैं जहां नगर निगम को पानी टैंकर भेजना पड़ रहा है।

*इन इलाकों में 600 से 800 फीट भूजल स्तर : शास्त्री नगर, शिवानंद नगर, उरला, भनपुरी, सिलतरा और कचना का क्षेत्र , तेलीबांधा गली नंबर 1 से 7 तक 400 से 600 फीट गहराई में भूजल।*



**इन इलाकों में डाउन होने लगा अंडरग्राउंड वाटर लेवल :** भूजलविदों के मुताबिक राजधानी के पॉश इलाके में शुमार शंकरनगर, शैलेन्द्र नगर, फाफाडीह, न्यू शांतिनगर क्षेत्र, अनुपम नगर, श्रीरामनगर फेज 1, कचना, सड्डू, दलदल सिवनी, मोवा, देवपुरी, डूमरतराई, डूंडा, माना, सेजबहार, संतोषीनगर क्षेत्र के कुछ हिस्से, राजेन्द्र नगर, कटोरातालाब क्षेत्र में ग्राउंड वाटर लेवल में शुरुआती दौर में गिरावट आई है। यहां औसतन 400 फीट की गहराई पर बोरवेल खनन की स्थिति निर्मित हुई है।

- पिछली बार गर्मी में नगर निगम ने शहर में खुदवाए थे 65 बोरवेल, इस बार 35 बढ़ेंगे

### सुरक्षित नहीं रहे शहर के प्राचीन सरोवर वाले इलाके

*भूजल विशेषज्ञ विपिन दुबे का कहना है राजधानी के प्राचीन सरोवर वाले इलाके में जहां पहले भूजल स्तर की की स्थिति काफी अच्छी मानी जाती थी, उन इलाकों में तालाब के संरक्षण व संवर्धन में लापरवाही बरतने की वजह से गाद की मोटी परत जमने रीचार्ज पाइंट ब्लाक हो गए हैं। तालाब के आसपास जहां पहले मुरम व मिट्टी की परत हुआ करती थी, उस जगह पर पक्के पेवर लगाकर कंक्रीटीकरण करने से भूजल स्तर तेजी से गिरा है। महराजाबंद तालाब, बूढ़ातालाब, कटोरातालाब और तेलीबांधा तालाब के आसपास 400 से 800 वर्गफीट नीचे भूजल जा पहुंचा है।*

# गृहिणी के नाम फर्जी अकाउंट खोलकर बैंक अधिकारी ने किया लाखों का लेन-देन, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बैंक अधिकारी ने फर्जी हस्ताक्षर कर महिला के नाम से खोला अकाउंट
- शिकायत के बाद भी बैंक ने महिला का अकाउंट बंद नहीं किया

सिविल लाइंस थाना में एक महिला ने कैनरा बैंक के अधिकारी के खिलाफ उनके नाम से फर्जी अकाउंट खोल कर पिछले दस वर्षों में लाखों रुपए के बेनामी ट्रांजेक्शन कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि फर्जी दस्तावेजों, अवैध हस्ताक्षर, अनाधिकृत बैंकिंग संचालन और बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से उनके नाम पर फर्जी अकाउंट खोला गया है।

आकांक्षा सिन्हा ने मुकुंद सिंह के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उनका उनके नागपुर के पते में रायपुर के कैनरा बैंक में वर्ष 2016 में खाता खोला गया, जबकि उस समय वो उस शहर में निवास ही नहीं कर रही थीं। खाता खोलने की प्रक्रिया में वे कभी बैंक शाखा नहीं गईं और न ही उन्होंने कोई फार्म स्वयं भरा। महिला के अनुसार वर्ष 2017 में खाते का आपरेटिंग इंस्ट्रक्शन उनकी जानकारी, सहमति और हस्ताक्षर के बिना अवैध रूप से बदलकर सिंगल आपरेशन कर दिया गया। बैंक भी इस संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया है।



### दस्तावेजों से छेड़छाड़

*आकांक्षा ने आरोप लगाया कि बैंक अधिकारी मुकुंद सिंह ने बिना उनकी जानकारी और हस्ताक्षर के खुद को खाते का नामिनी भी बना लिया। बैंक के पास इससे संबंधित कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के एक अधिकारी द्वारा फोन पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ की बात स्वीकार किए जाने का भी दावा किया गया है।*

### बगैर जानकारी एनईएफटी-आरटीजीएस, एटीएम से निकासी

आकांक्षा ने पुलिस को बताया है कि वर्ष 2016 से 2022 के बीच खाते से लाखों रुपए एनईएफटी-आरटीजीएस कैश विड्राल और एटीएम ट्रांजैक्शन के माध्यम से निकाले गए। महिला के अनुसार उन्होंने कभी कोई चेक, पासबुक, एटीएम कार्ड या ट्रांजैक्शन स्लिप प्राप्त नहीं की और न ही किसी बैंक शाखा में गई। महिला का आरोप है कि यह सब बैंक कर्मचारियों द्वारा सीबीएस सिस्टम एक्सेस के दुरुपयोग और फर्जी हस्ताक्षर के जरिए किया गया।

## ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन-संचालन के लिए दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के सभी शासकीय विभागों एवं जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कार्य किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत सभी विभाग, कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### दो पाली में दिया गया प्रशिक्षण

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला। सामान्य प्रशासन विभाग के नामांकित मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से यह प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कार्यालयों से लगभग 300 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए, जिन्हें ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोग, फाइल प्रबंधन, ऑनलाइन प्रक्रियाओं एवं डिजिटल कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम ई-ऑफिस के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तुलसी राठौर, डिप्टी कलेक्टर तथा ई-जिला प्रबंधक रायपुर कीर्ति शर्मा उपस्थित रही। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित निपटान एवं कागज रहित कार्यालय प्रणाली को बढ़ावा देना है, जिससे प्रशासनिक कार्यों की दक्षता में और अधिक सुधार हो सके।

## डीएड अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के तहत रिक्त 1600 आदिवासी पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर पीड़ित अभ्यर्थियों ने राज्यपाल रमेन डेका और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। न्यायालयों के आदेश के बावजूद नियुक्ति नहीं होने से आक्रोशित डीएड अभ्यर्थी और उनके परिजन नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

4 सूत्रीय मांगों को लेकर 24 सितंबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने सोमवार को बड़ी संख्या में स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में कुल 2300 पद थे, जिनमें से करीबन 1600 पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थे। इन पदों पर आज तक नियुक्ति नहीं की गई है। अभ्यर्थियों का ये भी कहना है कि हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 औश्र 26 सितंबर 2025, सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को भर्ती से संबंधित स्पष्ट आदेश दिए थे। इसके बाद भी राज्य सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया, जो कि न्यायालय की अवहेलना औश्र संविधान के उल्लंघन के समान है।



**नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आमरण अनशन**

**छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के तहत रिक्त 1600 पदों पर नियुक्ति की मांग**

### प्रमुख मांग इस तरह

- सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के तहत रिक्त 1600 अनुसूचिति जनजाति वर्ग के पदों पर तत्काल नियुक्ति
- हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पूर्ण और तत्काल पालन हो
- आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार ले
- नियुक्ति में देर के लिए दोषी अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाए।

## विधायक मूणत ने किया 2 बगीचों के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित एमआईसी सदस्य रहे मौजूद

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में डीडी नगर सेक्टर 2 में दो बगीचों के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने किया। इस मौके पर रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, पर्यावरण विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू, एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, डीडी नगर वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

श्री मूणत ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने अपने मंत्रीत्व के कार्यकाल के दौरान डीडी नगर में सड़क चौड़ीकरण जनहित में करवाने का जब निर्णय लिया, तो कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। डीडी नगर क्षेत्र में सुंदर और विकसित लाइब्रेरी बनायी गयी है। यहां के नागरिकों को चाहिए कि सुंदर और विकसित बनाए जा रहे उद्यानों का संचालन व संधारण का कार्य नागरिक समिति बनाकर करें। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा कि नागरिकों को विभिन्न प्रमुख मार्गो में वाहन पार्किंग व्यवस्थित करे सहभागी बनना चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

गोल चौक डीडी नगर में व्यवस्थित पार्किंग कायम करने रहवासी नागरिकों से सहभागी बनने अपील की। कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी रायपुर के अध्यक्ष अमिताभ दुबे, पार्षद मीना ठाकुर, पूर्व पार्षद गोपी साहू, मंडल अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धा मिश्रा, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### उरला को डंपिंग यार्ड बनाकर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश में भेज रहे थे गांजा

# गांजा तस्करी में लिप्त उत्तरप्रदेश का सिंडिकेट पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूखा नशा के खिलाफ रायपुर पुलिस कमिश्नरेट अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच तथा पुलिस की टीम ने उरला, कोतवाली तथा सिविल लाइंस में कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग सहित 14 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दो दिन की कार्रवाई में पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 60 किलो गांजा जब्ती की है। गिरफ्तार गांजा तस्करों में उत्तरप्रदेश का सिंडिकेट भी शामिल है, जो उरला में किराए के मकान लेकर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश में गांजा तस्करी कर रहे थे।

क्राइम डीसीपी राजनाला स्मृतिका ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि उरला थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में किराए के मकान लेकर कुछ संदिग्धों के पिछले एक महीने से रहने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उन संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान पुलिस को उन संदिग्धों को जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं उनके द्वारा बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी करने की पुलिस को जानकारी मिली। किराए पर रह रहे लोगों के बारे में जानकारी एकत्रित कर सोमवार को छापे की कार्रवाई करते हुए मकान की तलाशी ली तो तस्करों के पास से पुलिस को अलग-अलग बैग में गांजा मिला।

### तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो नाबालिग सहित 14 गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

#### पूर्व में सिंडिकेट से जुड़े लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

पांच माह में पुलिस ने गांजा तस्करी से जुड़े तीन सिंडिकेट के अलग-अलग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में गिरफ्तार गांजा तस्कर रायपुर में डंपिंग यार्ड बनाकर गांजा तस्करी कर रहे थे। अक्टूबर नवंबर माह में खमतराई थाने की पुलिस ने एक सिंडिकेट को पकड़ा था। इसके बाद दिसंबर में एक सिंडिकेट के तस्कर को पुलिस ने खम्हारडीह थाना क्षेत्र से पकड़ा था। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पकड़ा गया तस्कर नागपुर, मुंबई के गांजा तस्करों के सिंडिकेट से जुड़ा था।



#### मुखबिर तंत्र मजबूत किया

मादक पदार्थों की तस्करी तथा अवैध गतिविधियों को रोकने पुलिस ने अपना मुखबिर तंत्र मजबूत किया है। इस कारण मादक पदार्थ तथा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। लोगों से अपील है कि अपने क्षेत्र में रह रहे संदिग्धों की जानकारी पुलिस को दें। सूचना देने वालों के नाम गोपनीय रखा जाएगा। - डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर

### कार्रवाई से बचने बनाया डंपिंग यार्ड

ओडिशा से ज्यादा मात्रा पर गांजा लाने पर मुखबिरी हो जाती है। इससे बचने तस्कर अपने सिंडिकेट से जुड़े छोटी मछलियों के माध्यम से गांजा तस्करी करा रहे हैं। अपने गुर्गों के लिए तस्कर रायपुर के आउटर के थाना क्षेत्र में मकान की व्यवस्था कर रहने खाने का इंतजाम कर उनसे गांजा तस्करी कराते हैं।

### सिंडिकेट से जुड़े इन तस्करों की गिरफ्तारी

उरला थाना क्षेत्र में पुलिस ने उत्तरप्रदेश, चित्रकुट निवासी संदीप केसरवानी, राजेश यादव, अमन कुमार ठाकुर, रायगढ़ निवासी चन्द्रिका उरांव, उत्तरप्रदेश, बांदा निवासी कोमल यादव तथा दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने स्थानीय स्तर पर गांजा तस्करी करने के आरोप में सिविल लाइंस थाना क्षेत्र से शाहरूख खान, राहुल कुशवाह तथा मुकेश बनिया के लिए गांजा तस्करी करने वाले दो तस्कर ऋषभ तांडी उर्फ रिक्की तथा सौरभ तांडी को पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।



हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एज्यूकेशन अलर्ट

## प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती में 26 अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी




**रायपुर।** प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती-2023 के अंतर्गत चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 26 अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। यह सूची छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर तैयार की गई है। बता दें कि पूर्व में चयनित 251 अभ्यर्थियों में से कुछ अभ्यर्थियों द्वारा लिखित पद त्याग, काउंसिलिंग में अनुपस्थिति अथवा नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण 28 प्रयोगशाला तकनीशियन पद रिक्त हुए थे। इन्हीं रिक्त पदों के विरुद्ध प्रतीक्षा सूची से पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। जारी सूची में सामान्य वर्ग के 21 अभ्यर्थियों एवं भूतपूर्व सैनिक कोटे से 5 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। चयन सूची में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। कुछ पद आरक्षित श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण रिक्त रखे गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को शासकीय महाविद्यालयों में पदस्थापना हेतु काउंसलिंग 12 फरवरी 2026 को कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, संचालनालय, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर में प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती हेतु दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी

विकास आयुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों पर दावा-आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। प्राप्त आवेदनों के संबंध में पात्रता परीक्षण उपरांत अभ्यर्थियों से 28 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण गठित समिति के माध्यम से किया गया। दावा-आपत्ति निराकरण सूची विभागीय वेबसाइट **prd.cg.gov.in** पर जारी की गई है। संबंधित अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

'रंगों के महापर्व को खास बनाने के लिए 23 दिन पहले ही थोक बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार बैटरी से चलने वाले ऑटोमैटिक गन के साथ ही रिचार्जेबल गन ही नहीं, बल्कि स्पाइडर मैन, छोटा भीम और मिकी माउस जैसे कार्टून के कैरेक्टर प्रिंट वाली पिचकारी बच्चों को भा रही है। इसे देखते हुए रिटेलर्स की धमक बाजार में बढ़ने लगी है। इसे चलाने पर साउंड के साथ गन चलाने जैसा एहसास मिलने वाला है। इस बार रंगों की फुहार के लिए पिचकारी की दर्जनों नई वैरायटी बच्चों और युवाओं के लिए सजने लगी है। रिटेलर्स नए प्रोडक्ट की पूछपरख करने गोलबाजार पहुंच रहे हैं।'

# रिचार्जेबल ऑटोमैटिक गन खास, स्पाइडर मैन, छोटा भीम और मिकी माउस से निकलेगी रंगों की फुहार

## रंगों के महापर्व से 23 दिन पहले थोक बाजार में बढ़ी रौनक, हर वर्ग को आकर्षित कर रहे हैं साजो-सामान





**रायपुर।** गोलबाजार और चिकनी मंदिर लाइन की थोक दुकानों में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से मंगाई गई पिचकारियों की धमक बढ़ने लगी है। इस बार हर्बल रंग और गुलाल ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए खास तरीके के तैयार की गई पिचकारी आकर्षण का केन्द्र है। रंगों के पर्व को देखते हुए रायपुर निगम सीमा में दुकान सजाने वाले रिटेलर्स तो महंगी पिचकारी के लिए आर्डर करने नदीम ममदानी और अरिहंत जैन के पास पहुंच रहे हैं। इनके पास होली को यादगार बनाने के लिए कई तरह के साजो-सामान होने से रिटेलर्स जांचने ही नहीं, बल्कि बुकिंग कराने भी पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के रिटेलर्स कम कीमत वाली पिचकारी के साथ हाईप्रोफाइल फैमिली के लिए बैटरी और रिचार्जेबल ऑटोमैटिक गन खरीद रहे हैं। होली से पहले लोग स्टाक में विविधता के लिए नए प्रोडक्ट की पूछ-परख भी करने लगे हैं।

### ऑनलाइन प्लेटफार्म से कम दर में पिचकारी

थोक व्यापारी अजीत ममदानी ने बताया कि इस बार ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करके पिचकारी मंगाने वालों का भी रूझान भी बाजार में बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिस पिचकारी को ऑनलाइन मंगाने पर लोगों को 12 सौ से तीन हजार तक देना पड़ता था, उसे लोग बाजार से 1500 में खरीद रहे हैं। कार्टून बेस्ड पिचकारी को सबसे ज्यादा बच्चे पसंद कर रहे हैं। इसे देखते हुए रिटेलर्स से पिछले सीजन की अपेक्षा ज्यादा आर्डर मिल रहा है।

### कार्टून कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी आकर्षण

थोक बाजार में डिलर्स ने इस बार छोटे बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए एनीमेशन कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी को भी मार्केट में सजाया है। इनमें डीपर एंड बनी, ट्रांसफार्मर और शिवा प्रिंट वाले पिचकारी के साथ ही वॉटर टैंक और गुलाल टैंक उपलब्ध करवाने वाले हैं। इस तरह की पिचकारी को बच्चों की पसंद को देखते हुए तैयार किया गया है। इसे रिटेलर्स आर्डर देने में रुचि ले रहे हैं। इस पिचकारी से उन्हें कमाई के साथ खरीदने वाले लोगों को भी फायदा मिलने वाला है, क्योंकि इसे संभालकर चलाने से कई सीजन में उपयोग किया जा सकेगा।





### वॉटर टैंक, बंदूक और स्मोक शॉट की धूम

बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह होता है। इसे दोगुना करने के लिए इस बार बाजार में एयर गन के साथ वॉटर टैंक, सिलेंडर औक गुलाल सिलेंडर की 150 से लेकर हजार रुपए की विशाल रेंज है। बैटरी से चलने वाले गन से हर्बल गुलाल की फुहार के लिए बाजार में गुलाल गन देखने को मिलने वाला है। बंदूक पिचकारी पुराने दौर ही नहीं, बल्कि नए दौर के लिए भी डिजाइन की गई है। पाइप के साथ ही लोटे के शेप में बनाई गई पिचकारी की पूछपरख इस सीजन में भी रहने वाली है। इस बार वॉटर टैंक, बंदूक और स्मोक शॉट की धूम रहेगी।

## सिटी इवेंट

## देशभर के विशेषज्ञों ने साझा किए जीवनरक्षक मंत्र आपातकालीन स्थितियों में समय का बताया महत्व



**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय चौथा वार्षिक कार्डियोवैस्कुलर इमरजेंसीज़ सिम्पोजियम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस आयोजन ने न केवल चिकित्सा जगत में शैक्षणिक विमर्श को नई ऊंचाइयां दीं, बल्कि एम्स को हृदय आपातकालीन देखभाल के राष्ट्रीय मानचित्र पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एम्स के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में समय की महत्ता सबसे अधिक होती है। उन्होंने समय-संवेदनशील प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए ट्रामा एवं इमरजेंसी विभाग की सराहना की। वहीं, डीन (अकादमिक्स) डॉ. एली मोहापात्रा और डीन (रिसर्च) डॉ. अभिरुचि गलहोत्रा ने इमरजेंसी मेडिसिन में शोध और बेडसाइड निर्णय-निर्माण की भूमिका को रेखांकित किया।



### चुनौतियों और भविष्य की तकनीकों पर जोर

सम्मेलन का मुख्य आकर्षण इंडूसेम (फ्लोरिडा, अमेरिका) के अध्यक्ष डॉ. सागर गलवांकर का कीनोट व्याख्यान रहा। उन्होंने भारतीय परिप्रेक्ष्य में हृदय रोगों से निपटने की चुनौतियों और भविष्य की तकनीकों पर प्रकाश डाला। विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र के. त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि इस सम्मेलन का मूल मंत्र क्या पहचानना है और कितनी शीघ्रता से कार्रवाई करनी है पर आधारित था, ताकि प्रशिक्षण का सीधा लाभ मरीजों की जान बचाने में मिल सके।कार्यक्रम में सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यावहारिक कार्यशालाएं रहीं। इसमें कुछ अहम प्रमुख गतिविधियां शामिल रहीःवास्तविक समय में हृदय की स्थिति का आकलन, भारत की एकमात्र ऐसी कार्यशाला जहाँ खेल-खेल में जटिल ईसीजी व्याख्या सिखाई गई, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए विशेष ईसीजी सत्र।आयोजन सचिव डॉ. नमन अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 120 से अधिक डॉक्टरों, रेजिडेंट्स और नर्सिंग प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा चिकित्सा कर्मियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ सीधे संवाद का अवसर प्रदान करना था, ताकि वे अपने कार्यस्थलों पर अधिक सक्षम और आत्मविश्वास के साथ जीवन-रक्षा कर सकें।

कन्या विवाह योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## साइंस कॉलेज मैदान में आज जिले के 1316 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत राज्य स्तरीय विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें प्रदेशभर के 6 हजार 412 से अधिक जोड़े विभिन्न धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह में बंधेंगे। इन नवविवाहित जोड़ों को एक साथ ऑनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आशीर्वाद देंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें रायपुर जिले से 1,316 जोड़ों का विभिन्न धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न होगा। इन विवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 35 हजार रूपए उनके बैंक खातें में सहायता राशि और 15 हजार रूपए की राशि के उपहार सामग्री विवाह के आयोजन में खर्च की जाएगी। इस कार्यक्रम से बलौदा बाजार, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद एवं राजनांदगांव जिलों के जोड़े ऑनलाइन माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे। शेष जिलों में जिला मुख्यालयों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिनमें संबंधित प्रभारी मंत्री एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में हिंदू रीति से 6,281, मुस्लिम रीति से 3, ईसाई रीति से 113, बौद्ध रीति से 5 एवं बैगा समुदाय के 10 जोड़े विवाह सूत्र में बंधेंगे।



### कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का भी होगा शुभारंभ

मुख्यमंत्री साय स्थानीय साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में 6 माह से 52 माह आयु वर्ग के 40 हजार कुपोषित बच्चों को कवर किया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत बस्तर संभाग से होगी, जिसमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर एवं सुकमा जिले शामिल हैं।

### इनकी रहेगी उपस्थिति

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्य कार्यक्रम राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा।

## अच्छे परिणाम के लिए प्लानिंग और परिश्रम जरूरी : चोपड़ा



**रायपुर।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा संतोषी नगर स्थित वर्धमान दी स्कूल में सोमवार को मेरी परीक्षा, मेरी तैयारी विषय पर मोटिवेशनल कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों के मन में वार्षिक परीक्षा के डर को दूर करने और परीक्षा में सफलता के लक्ष्य निर्धारण के लिए किया जा रहा है। इस मोके पर कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद विजय चोपड़ा ने मेरी परीक्षा, मेरी तैयारी विषय पर बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच देते हुए कहा कि, परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए सही प्लानिंग, व्यवस्थित प्रिपरेशन व कड़ा परिश्रम बहुत जरूरी है। भारत के सभी क्षेत्रों में सर्वाधिक कॉम्पिटिशन है लेकिन शिक्षा ही सफलता की सीढ़ी है। श्री चोपड़ा ने अच्छे परिणाम के लिए प्लानिंग, प्रिपरेशन व परिश्रम को विस्तारित करते हुए कहा कि प्रिपरेशन के पूर्व अच्छी प्लानिंग करें। कुल विषयों को परीक्षा के बचे दिन से भाग देकर प्रत्येक विषय के लिए दिन निर्धारित करें। प्रत्येक विषय को तीन श्रेणी में बांट लें, वस्तुनिष्ठ प्रश्न, मनपसंद सरल प्रश्न व कठिन प्रश्न। तैयारी करते समय सरल प्रश्न से आरंभ कर आगे बढ़ेंगे तो आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। कठिन प्रश्नों की तैयारी के लिए प्रातःकाल का समय बेहतर होगा। उन्होंने छात्राओं को परीक्षा की समयबद्ध तैयारी के मध्य की अड़चन को इंगित करते हुए मोबाइल के उपयोग व दुरुपयोग पर विस्तृत चर्चा की। अंत में अनेक छात्राओं ने अपने डाउट बताए, जिसका विजय चोपड़ा ने विस्तार से समाधान देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महेंद्र कोचर, प्राचार्या कामिनी लांजे, दीपक तिवारी, रानी साहू, सोनम जोशी उपस्थित रहे।

## टेडी-डे पर शहर के गिफ्ट हाउस में कपल्स ने जमकर की उपहारों की खरीदारी

कॉर्नर न्यूज

# वैलेंटाइन वीक : म्यूजिकल टेडी बियर, केक ईयरिंग्स, प्रिंटेड टी-शर्ट से यादगार बनेंगे रिश्ते




**रायपुर।** वैलेंटाइन वीक में कपल्स दिल की बात पहुंचाने के लिए युवा तोहफों का सहारा ले रहे हैं। आज कपल्स टेडी-डे सेलिब्रेट करेंगे। सोमवार को इस दिन को खास बनाने शहर के गोलबाजार, पुरानी बस्ती, शंकरनगर, पंडरी रोड सहित मॉल्स पर गिफ्ट हाउसेस में बड़ी संख्या में टेडी बियर की खरीदारी करते युवा नजर आए। सुबह से लेकर देर शाम तक गिफ्ट हाउस में ग्राहकों की भीड़ दिखी। गिफ्ट हाउस में म्यूजिकल टेडी की डिमांड सबसे ज्यादा रही। टेडी खरीदारी करने पहुंचे कपल्स ने बताया कि वेलेंटाइन वीक में टेडी से अच्छा कोई गिफ्ट नहीं हो सकता। कई लोग अपने बेस्ट फ्रेंड को तोहफे में टेडी देने के लिए भी खरीदी किए। इसके अलावा कपल्स टेडी डे को यादगार बनाने कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते। इसके लिए बाजार भी कपल्स के ट्रेंड के हिसाब से सजा है। इसमें टेडी शेप का केक गिफ्ट, टेडी बियर शेप ईयरिंग्स, एसेसरीज और ज्वेलरी, फजी स्लीपर्स, टेडी प्रिंट लाउंजवियर में पजामे या टी-शर्ट, 3-डी टेडी कॉफी मग, टेडी शेप की खुशबूदार मोमबत्तियां वैलेंटाइन वीक के माहौल को यादगार बनाने ये टेडी-डे गिफ्ट कपल्स के लिए बाजार में उपलब्ध हैं।



### दो सौ से लेकर दो हजार तक के टेडी बियर

गिफ्ट हाउस के संचालक शशांक दुबे ने बताया कि इस वीक को यादगार बनाने के लिए युवाओं ने दो हजार रुपए तक के टेडी बियर खरीदे, जबकि पिछले साल सबसे महंगा टेडी 12 सौ रुपए तक बिका था। इसका बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। कइयों ने बच्चों के लिए भी टेडी खरीदे।



### कल मनाया जाएगा प्रामिस-डे

वैलेंटाइन वीक के अंतर्गत 11 फरवरी को प्रामिस-डे मनाया जाएगा। इस दिन संकल्प लिया जाता है कि आप एक साथ रहने का वादा करते हैं और उस वादे को हमेशा के लिए निभाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दिन कपल्स कुछ उपहार भी प्लान करते हैं।

धर्म लाइव

## गणेश यज्ञ के साथ प्रकट हुए संत गजानन महाराज, आज शाम को निकलेगी पालकी




**रायपुर।** संतश्री गजानन महाराज संस्थान की पहल पर तात्यापारा में संतश्री का प्रकट उत्सव पारंपरिक तरीके से उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। 5 फरवरी से शुरू हुए उत्सव रथ सप्तमी को संतश्री गजानन महाराज के प्रकट दिवस की धूम रही। गणेश याग (यज्ञ) के साथ शुरू हुआ उत्सव देर शाम तक भक्तिमय माहौल में चलता रहा है। महोत्सव के पांचवे दिन सोमवार को भाजी-भाकर का भोग लगाया गया। हजारों लोगों ने महाप्रसादी प्राप्त की। मंगलवार को शाम 6 बजे संतश्री की पालकी भक्तिभाव से निकाली जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के प्रशांत ढवले ने बताया कि भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए किया जाने वाला याग पवित्र और शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है, जो जीवन की बाधाओं (विघ्न) को दूर करने, सुख- समृद्धि और सफलता पाने के लिए किया जाता है।

### संतश्री की शोडषोपचार पूजा और रुद्राभिषेक

उन्होंन बताया कि इसमें मंत्रोच्चार के साथ अग्नि में दूर्वा, मोदक, और अन्य सामग्री की आहुतियां दी जाती हैं। गणेश याग में आचार्य चारुदत्त जोशी, शैलेश चिंचोलकर, विवेक अमीन, आशीष पंडित और राजा भट्ट ने याग कराया। सुनील परेतकर सह पत्नी यजमान थे। याग से पहले सुबह संत श्री की शोडषोपचार पूजा, रुद्राभिषेक किया गया। रात आठ बजे महाआरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इनमें महिलाएं विशेष ड्रेस कोड में पहुंची थीं। वहीं मंदिर के पदाधिकारियों ने भी उत्सव में सपरिवार उपस्थिति दर्ज की। संस्था के मीडिया प्रभारी ने आगे बताया कि मंगलवार शाम को उत्सव के रूप में संतश्री की पालकी निकाली जाएगी। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। पालकी उत्सव के दौरान भक्तिमय भजनों की धूम रहेगी। सैकड़ों की तादाद में इस पूजा का हिस्सा बनने के लिए श्रद्धालुओं का समुह शाम 4 बजे से ही आयोजन स्थल पर पहुंचेंगे।

आराधना

## यजुर्वेद पारायण महायज्ञ में मंत्रोच्चार, दी गईं आहुतियां



**रायपुर।** यजुर्वेद पारायण महायज्ञ की कड़ी में चार दिवसीय भक्तिमय आयोजन किया गया। इसमें सोमवार को अंतिम दिन वैदिक अनुष्ठान किया गया। इसमें यजमानों ने महापूर्णाहूति के अवसर पर यजुर्वेद के 1975 मंत्रों से 24 हजार आहुतियां देते हुए महायज्ञ को पूर्ण किया। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने बताया कि यज्ञ करने से जीवन निर्मल और निरोग बनता है। मुख्य यजमान के रूप में शीतल पटेल एवं कौशल्या देवी शामिल हुईं। संपूर्ण अनुष्ठान के ब्रह्मा एवं कर्मकांड विशेषज्ञ डॉ. कमल नारायण के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। डॉ. कमल नारायण ने यज्ञ के महत्व और उसके वैज्ञानिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यज्ञ केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि वातावरण शुद्धि, मानसिक संतुलन, सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। यज्ञाग्नि में अर्पित की जाने वाली आहुतियों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे मानव जीवन में अनुशासन, संयम और सामूहिक चेतना का विकास होता है।

### विचार, आचरण और संकल्प की साधना है यज्ञ

वैदिक यज्ञ को प्रकृति और मानव के बीच संतुलन बनाने स्थापित करने का वैज्ञानिक तरीका भी माना जाता है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. आर्य ने जीवन निर्माण और जीवन जीने की कला पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि व्रत केवल भोजन त्याग का नहीं, बल्कि विचार-आचरण और संकल्प की साधना है। व्रत केवल पेट तक सीमित नहीं रहता। इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत, महंत, यजमान एवं अतिथि शामिल हुए। साधु-संतों, महंतों, यजमानों एवं अतिथियों का मुख्य यजमान शीतल पटेल एवं कौशल्या देवी ने स्वागत किया। महायज्ञ के सफल आयोजन में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

समाज इवेंट

## चेट्रीचंड्र के पहले दो दिन मनाएंगे उत्सव तारक मेहता फेम बबीता होंगी शामिल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का भव्य आयोजन आगामी 14 एवं 15 मार्च को ललित महल में होने जा रहा है। इससे पहले सोमवार को समाज प्रमुखों की उपस्थिति में ब्रोशर का विमोचन किया गया। इस कड़ी में एक दौड़ झूलेलाल के नाम का आयोजन तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम मुनमुन दत्ता (बबीता) की उपस्थिति में होगी। पंचायत के इस सांस्कृतिक धार्मिक का आयोजन साक्षी हर वर्ग के लोग बनेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रवक्ता सुभाष बजाज, महासचिव बलराम आहूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि सिंधी समाज द्वारा पहली बार फाइव स्टार रैंकिंग वाले होटल में यह आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के बड़े कलाकार सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला सजाएंगे। इसमें चर्चित कलाकार जतिन उदासी, मोहित लालवानी, वंदना निरंकारी, सागर लालवानी और सोनम पोपटानी रंगारंग प्रस्तुति देने आ रही हैं।

### 15 मार्च को एक दौड़ साईं झूलेलाल के नाम

इस बार 20 मार्च को चेट्रीचंड्र महोत्सव मनाया जाएगा। इससे पहले विभिन्न आयोजनों की शुरुआत 14 मार्च से की जाएगी। इसमें सिंधी पंचायत द्वारा 15 मार्च की सुबह एक दौड़ साईं झूलेलाल के नाम लगाने की तैयारी है। तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से शुरू होने वाली इस दौड़ में तारक मेहता फ्रेम मुनमुन दत्ता (बबीता) समाज के साथ दौड़ लगाएंगी। इससे पहले 14 फरवरी की शाम से रंगारंग आयोजन शुरू होंगे। ब्रोशर विमोचन में मुख्य रूप से बाबा मुरलीधर उदासी, अमित चिमनानी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा, तनेश, विकास रूपरेला, अनिल लाहौरी, अमर चंदनानी, दीक्षा रामानी और चंचल बजाज प्रमुख रूप से शामिल हुईं।

● सिटी से लेकर दिल्ली, कोलकाता के फैशन डिजाइनर्स से 20 हजार से 3 लाख रुपए तक के आउटफिट बनवा रहे

# शादी के जोड़े में शाही लुक पाने डिजाइन करा रहे अनारकली ब्राइडल सेट-महाराजा शेरवानी सूट

शादी का सीजन चल रहा है, ऐसे में दूल्हा-दुल्हन अपने ड्रेसिंग सेट की शॉपिंग करने में जुट गए हैं। इस वेडिंग सीजन में ब्राइडल फैशन में कपल्स बिल्कुल नया ट्रेंड कैरी कर रहे हैं। हैवी ब्राइडल सेट और रेड, मैरून कलर की जगह सिल्क फैब्रिक्स पर लाइटवेट मोती एम्ब्रॉडरी वर्क और ऑरेंज, चीकू, रानी कलर को पहली च्वॉइस बना रहे हैं, ताकि वे अपनी शादी में गर्मी के मौसम के अनुकूल कंफर्टेबल के साथ-साथ आकर्षक दिख सकें।




**रायपुर।** शहर के जाने-माने फैशन डिजाइनर योगेश मथरेजा ने बताया कि ब्राइडल सेट में दुल्हन अनारकली सिल्क लहंगा और दूल्हे के लिए महाराजा शेरवानी सूट का शाही लुक पाने डिजाइन कराई जा रही है। पहले वेलवेट पर हैवी वर्क वाले ब्राइडल सेट का चलन था, पर अब यह पूरी तरह चेंज हो गया है। कॉटन-सिल्क मिक्स्ड फैब्रिक्स में हल्के वर्क के साथ नैचुरल कलर्स में ऑरेंज, रानी, चीकू रंग की ब्राइडल लहंगे का चलन शुरू हुआ है। इस ब्राइडल सेट डिजाइन को पहनकर दुल्हन बिलकुल अनारकली जैसी शाही और आकर्षक लगती हैं। इसमें आमतौर पर हल्की कढ़ाई वाले लंबे घाघरे, अच्छी तरह से फिट की गई चोली और टिश्यू से बने दुपट्टे होते हैं। यह एक ऐसा स्टाइल है, जो अपनी रॉयल्टी, बेहतरीन क्राफ्ट्समैनशिप और कभी न पुरानी होने वाली खूबसूरती के कारण ट्रेंड कर रहा है।

### दिल्ली और कोलकाता से मंगा रहे सेट मेटेरियल्स

शहर के फैशन डिजाइनर्स का कहना है कि 20 हजार रुपए कीमत तक का ब्राइडल सेट हम अपने हाथों से फैशन हाउस में ही डिजाइन कर रहे हैं, इसके लिए ड्रेस मटेरियल्स कोलकाता से मंगाते हैं। वहीं 2 से 3 लाख तक के महंगे ब्राइडल सेट की डिजाइन दूल्हा-दुल्हन दिल्ली और कोलकाता के जाने माने फैशन डिजाइनर्स से करा रहे हैं।

### समर सीजन के लिए टिश्यू पर वर्क वाली वेडिंग ड्रेसेस

समर वेडिंग्स के लिए फैशन डिजाइनर्स टिश्यू फैब्रिक स्टाइल और कम्फर्ट ब्राइडल सेट और पार्टी वियर तैयार कर रहे हैं। यह गर्मी के दिनों में शादी व पार्टी के लिए एक शानदार फैशन विकल्प है, क्योंकि यह हल्का, हवादार और चमकदार होता है, जो स्टाइलिश और कम्फर्ट दोनों देता है। कलर की बात करें तो इसमें पेस्टल रंग जैसे पिस्ता, पीच, बेबी पिंक और हल्का जरी या गोटा-पत्ती वर्क बहुत खूबसूरत लुक देता है।





### वेडिंग पार्टी में गेस्ट के लिए फिश कट-इंडो वेस्टर्न

शादी घरों में फैशन डिजाइनर्स से आजकल गेस्ट के लिए भी आउटफिट डिजाइन कराए जा रहे हैं। इसमें वेडिंग पार्टी फैशन आउटफिट में गर्ल्स के लिए कॉटन-सिल्क फ्रेब्रिक्स की फिश कट डिजाइनर ड्रेसेस, जिसमें बीट्स वर्क, जरदोरी और मोती की कढ़ाई की गई है। वहीं ब्वॉयज के लिए इंडो-वेस्टर्न कुर्ते के साथ जैकेट खूब ट्रेंड में है। इससे वेडिंग फंक्शन में दूल्हा-दुल्हन के साथ गेस्ट भी डिजाइनर्स आउटफिट में चार-चांद लगा रहे हैं।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारी शुरू, प्रधान कार्यालय का उद्घाटन

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2026 की तैयारियों को गति प्रदान करते हुए सदर बाजार स्थित श्री ऋषभदेव जैन मंदिर परिसर में महोत्सव समिति के प्रधान कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रातः 10 बजे आयोजित इस समारोह में जैन समाज के गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों और समाजजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना के पश्चात प्रधान कार्यालय का उद्घाटन कर समिति के प्रयासों की सराहना की और महोत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जैन समाज के विभिन्न 14 घटकों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिससे आयोजन की एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश भी प्रसारित हुआ। समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद एवं सचिव आनंद जैन ने बताया कि प्रधान कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2026 की तैयारियों को सुव्यवस्थित रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्यालय के माध्यम से महोत्सव से जुड़ी सभी गतिविधियों का संचालन, समन्वय एवं योजना निर्माण किया जाएगा, जिससे आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा सके।



### जैन समाज रत्न अवार्ड से करेंगे सम्मानित

*भगवान महावीर का जन्म कल्याणक जैन समाज का सबसे प्रमुख और पावन पर्व है, जिसे श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष महोत्सव को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, समाज, धर्म, व्यापार, राजनीति और सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजजनों को "जैन समाज रत्न अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए जूरी का गठन भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रायपुर में जैन समाज के सभी घटक एकजुट होकर महावीर जयंती का भव्य आयोजन करते हैं। प्रधान कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही महोत्सव की तैयारियों को नई दिशा और गति मिली है। कार्यक्रम में महेंद्र कोचर, यशवंत जैन, हिरेन वोरा, महावीर कोचर, विजय चोपड़ा, सिद्धार्थ डागा, अजय काले, दीपक दोशी, आशीष जैन उपस्थित रहे।*



## राजधानी में पहली बार 'डुआथलॉन' का रोमांच 100 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**रायपुर।** राजधानी में सोमवार को सुबह फिटनेस और रोमांच के नाम रही। स्पोर्ट्स एनथोसियासिस्ट एसोसिएशन की ओर से प्रदेश में पहली बार डुआथलॉन 333 का भव्य आयोजन किया गया। इस अनूठे इवेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'लेट्स रन' के संस्थापक डॉ. विनय तिवारी और 'टूर द रायपुर' के संस्थापक आशीष पाटनी ने फ्लैग ऑफ करके किया। होटल ट्यूलिप एरीना से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को दो चरणों में अपना दम दिखाना था। खिलाड़ियों ने पहले ट्यूलिप एरीना से जीई रोड स्थित जोरा मॉल (पंजाबी तड़का) तक दौड़ लगाई और वापस आए। इसके लिए अधिकतम 45 मिनट का समय था। दौड़ के तुरंत बाद खिलाड़ियों ने साइकिल संभाली और ललित महल होते हुए नया रायपुर सेंध लेक (सत्य साईं हॉस्पिटल) तक जाकर यू-टर्न लिया। इसके लिए 2 घंटे का समय निर्धारित था।

### 12 से 65 वर्ष तक के खिलाड़ी

*इवेंट का मुख्य आकर्षण 12 वर्षीय पाखी यादव (सबसे कम उम्र) और 65 वर्षीय सत्येंद्र सिंह (सबसे उम्रदराज) रहे, जिन्होंने उम्र को महज एक नंबर साबित करते हुए रेस पूरी की। विशेष रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनय भास्कर ने भी बतौर प्रतिभागी हिस्सा लिया। इस रेस के साथ ही वे साइकिलिंग में '40 हजारी क्लब' 40,000 किमी में शामिल हो गए। डॉ. विनय तिवारी ने आयोजकों को बधाई देते हुए भविष्य में साथ मिलकर नए इवेंट करने की मंशा जताई। वहीं आशीष पाटनी ने कहा कि पहली बार में ही इतना सफल आयोजन टीम की मेहनत का नतीजा है। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। मंच संचालन मानव और लिपि जैन ने बखूबी किया।*

स्कूलों में बोर्ड छात्रों के डाउट कर रहे क्लीयर, डायग्राम से समझा रहे कठिन विषय

# हिंदी में तय शब्द सीमा से अधिक लिखते हैं 80 प्रतिशत परीक्षार्थी, संस्कृत में मात्रा-वचन और रूप में कटते हैं नंबर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बोर्ड एग्जाम के करीब आते ही कमजोर बच्चों की चिंता कठिन विषयों को लेकर बढ़ने लगी है। उनकी चिंता कम करने और बच्चों के डाउट क्लीयर करने अब स्कूलों में शिक्षक प्रोजेक्टर के जरिए पढ़ाई करा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में 10वीं में विज्ञान, भूगोल तो वहीं 12वीं में बायो, रसायन और भौतिक के विषय को लेकर छात्रों के डाउट अधिक है। इसे दूर करने के लिए शिक्षक 40 मिनट से लेकर एक घंटे तक की अलग से क्लास ले रहे हैं। इसके अलावा छात्रों को बोर्ड पेपर में किस तरह से लिखना है और सवालों के जवाब लिखने में कितना समय देना है, यह समझा रहे हैं। साथ ही मात्राओं की गलतियों के बारे में बता रहे हैं, ताकि नंबर न कटें। स्कूलों में इन दिनों शिक्षक कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, ताकि तैयारी को लेकर चिंता दूर हो। गणित, संस्कृत, इंग्लिश और विज्ञान समेत अन्य विषयों के महत्वपूर्ण सवालों को विस्तार से हल करना और उत्तर लिखना समझा रहे हैं।



### चिन्हों के कारण भी कटते हैं अंक

अक्सर स्टूडेंट्स की शिकायत होती है कि पेपर अच्छा जाने के बाद भी अंक वैसे नहीं आते, जैसी उम्मीद थी। इसलिए अब शिक्षक स्कूल में विषयवार उत्तर लिखने की जानकारी दे रहे हैं। शिक्षक बिहारीलाल शर्मा ने बताया, हिंदी में 80 फीसदी छात्र लिखते वक्त शब्द सीमा पार कर जाते हैं। इस वजह से नंबर कट जाते हैं। बच्चों को मात्राओं की जानकारी दे रहे हैं, क्योंकि विराम चिन्ह पर ध्यान नहीं देने के कारण भी नंबर कट जाते हैं। एक ही उत्तर में मात्रा संबधी दो से तीन त्रुटियों पर आधा नंबर कटता है। छात्रों को बताया कि सरल शब्दों में उत्तर लिखें, जो पूछा गया है, उसका तय शब्दों में जवाब दें। कंटेंट महत्वपूर्ण होता है, ज्यादा शब्द नहीं।

### काल आदि के प्रश्नों में गलती अधिक

शिक्षक बच्चों को बता रहे हैं कि गणित की तरह संस्कृत में भी पूरे अंक मिल सकते हैं। इस विषय में छात्रों के नंबर मात्रा, वचन और रूप आदि में सबसे ज्यादा कटते हैं। लिखावट साफ न होने और गलत शब्द लिखने से एक से दो नंबर कट जाते हैं। इसी तरह काल आदि के प्रश्नों में छात्र गलती करते हैं। सोशल साइंस में छात्र तारीख और नाम गलत लिखते हैं तो वहीं इंग्लिश में कॉमा, फुलस्टॉप न लगाने से अंक कम होते हैं। ग्रॉमर के पार्ट में परीक्षार्थी सबसे ज्यादा गलती करते हैं। प्रश्न को समझे बिना ही गलत उत्तर लिखते हैं।

### अपने रुटीन समय पर करें पढ़ाई

स्कूल में छात्रों को अपने रुटीन समय पर पढ़ाई करने को कहा जा रहा है, ताकि नींद पूरी हो सके। अनियमित समय में पढ़ाई करने से स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है। घर में जिस समय और जगह पर पढ़ाई करते हैं, वहीं करें। रटने और रिपीट करने से ज्यादा विषयों को ध्यान से समझने के लिए कहा जा रहा है। इसके अलावा एक घंटे के बाद छोटा ब्रेक लेने भी सुझाव दिए जा रहे हैं।

### कॉलम बनाकर लिखें जवाब

प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षक बच्चों को एग्जाम में उत्तर लिखने के तरीके बता रहे हैं। ऐसी गलतियों के बारे में भी बताया जा रहा है, जिसे ज्यादातर बच्चे करते ही हैं। शिक्षकों का कहना है कि ऑब्जेक्टिव सवाल का जवाब देने के लिए प्रश्न और उसके विकल्पों को उसी तरह लिख देते हैं, जैसा प्रश्नपत्र में लिखा है, बाद में उन्हें आड़ी-तिरछी लकीर खींचकर सही ऑप्शन चुनते हैं। एग्जाम में कॉलम बनाकर जवाब लिखने चाहिए।

ज्योतिष

## महाशिवरात्रि पर इन चीजों को घर में लाने से बढ़ता है गुडलक, जानें धार्मिक मान्यताएं



हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। यह पावन पर्व शिव भक्तों के लिए आस्था, तप और भक्ति का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस बार यह त्योहार फरवरी महीने की 15 तारीख को मनाया जाएगा। इस दिन भक्त व्रत रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करते हैं।

**पारद शिवलिंग :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पारद यानी पारे से बना शिवलिंग घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पारद शिवलिंग की स्थापना और नियमित पूजा करने से घर में मौजूद वास्तु दोष दूर होते हैं। मान्यता है कि पारद शिवलिंग की पूजा करने से पितृ दोष से भी मुक्ति मिलती है। पारद शिवलिंग को पूजा स्थान में स्थापित कर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित करने से भोलेनाथ जल्दी प्रसन्न होते हैं। जिन लोगों के जीवन में लंबे समय से रुकावटें चल रही हों, उनके लिए पारद शिवलिंग अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**रुद्राक्ष :** रुद्राक्ष का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से हुई है। महाशिवरात्रि के दिन रुद्राक्ष घर लाना या धारण करना बहुत शुभ फल देता है। मान्यता है कि रुद्राक्ष पहनने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है, रोग और दोष खत्म होते हैं और मानसिक शांति मिलती है। रुद्राक्ष घर में रखने से पारिवारिक जीवन में सुख-समृद्धि आती है और जीवन की बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं।

**बेल का पौधा :** भगवान शिव को बेलपत्र अत्यंत प्रिय हैं। शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाए बिना शिव पूजा अधूरी मानी जाती है। ऐसे में महाशिवरात्रि के दिन बेल का पौधा घर लाना बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बेल के पौधे में औषधीय गुण भी होते हैं। इसे घर में लगाने से वातावरण शुद्ध रहता है और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। कहा जाता है कि जिस घर में बेल का पौधा होता है, वहां शिव जी की विशेष कृपा रहती है और परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और सौहार्द बना रहता है।

**तांबे का कलश :** महाशिवरात्रि के दिन तांबे का कलश घर लाना भी शुभ माना गया है। इसी कलश के जल से शिवलिंग का अभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि तांबे के कलश से किया गया जलाभिषेक रोग, दरिद्रता और मानसिक तनाव को दूर करता है। इससे घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है।

**शिव परिवार की मूर्ति या तस्वीर :** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव परिवार की मूर्ति या तस्वीर घर लाना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। शिव परिवार में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय शामिल होते हैं। ऐसी मान्यता है कि शिव परिवार की पूजा करने से पारिवारिक जीवन में संतुलन बना रहता है। नियमित रूप से शिव परिवार की पूजा करने से जीवन के कई प्रकार के दोष दूर हो जाते हैं।

## 23 फरवरी से कुंभ, मिथुन और वृष राशि के जातकों के शुरू होंगे अच्छे दिन

ज्योतिष शास्त्र मुताबिक मंगल ग्रह को भूमि, शौर्य, साहस, पराक्रम, निडरता, क्रोध और रक्त का कारक माना जाता है। इसलिए जब भी मंगल ग्रह की चाल में परिवर्तन होता है। तो इन क्षेत्रों पर खास असर पड़ता है। आपको बता दें कि ग्रहों के सेनापति मंगल 23 फरवरी को शनि के स्वामित्व वाली राशि कुंभ में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों का गोल्डन टाइम शुरू हो सकता है। साथ ही धन- संपत्ति में बढ़ोतरी हो सकती है।

**कुंभ राशि :** मंगल ग्रह आपकी राशि से लग्न भाव पर संचरण करने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि हो सकती है। साथ ही आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। वहीं आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही इस समय शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीनव खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन राशि :** मंगल ग्रह आपकी राशि से भाग्य स्थान पर संचरण करेंगे। इस दौरान आपको किस्मत का साथ मिल सकता है। साथ ही जो अटके हुए कार्य कर सकते हैं, वो बनेंगे। आप किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम कर सकते हैं। वहीं तार्किक शक्ति पहले से अधिक मजबूत होगी, जिससे फैसले लेने में स्पष्टता आएगी। साथ ही निवेश या नई योजनाएं लाभकारी सिद्ध होंगी।

**वृष राशि :** मंगल ग्रह आपकी राशि से कर्म भाव पर संचरण करेंगे। इसलिए इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

सभी प्रेमी जोड़े एक साथ रोमांटिक समय बिताना पसंद करते हैं और एक दूसरे को खुश करने की कोशिश करते हैं

# वैलेंटाइन वीक : अपने साथी के साथ बिताना है सबसे अच्छा समय तो उसे प्रजेंट करें रोमांटिक सरप्राइज दें

वैलेंटाइन वीक का इंतजार हर प्रेमी जोड़ा करता है। प्यार का यह हफ्ता 7 फरवरी से शुरू हो गया है और 14 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान सभी प्रेमी जोड़े एक साथ रोमांटिक समय बिताना पसंद करते हैं और एक दूसरे को खुश करने की कोशिश करते हैं। अगर आप अपने साथी को सरप्राइज देना चाहते हैं तो ये डेटिंग टिप्स अपनाएं। इनकी बदौलत न केवल आप अपना प्यार जता पाएंगे, बल्कि इस हफ्ते को यादगार भी बना पाएंगे।



### रोजमर्रा की चीजों को प्यार से करें

वैलेंटाइन वीक के दौरान रोजमर्रा की आम चीजें भी प्यार भरी होनी चाहिए। जैसे कि सुबह की चाय या कॉफी बनाते समय उस पर दिल बनाएं, अपने साथी के लिए उनकी पसंदीदा चीजें लेकर आएं और उन्हें अपने हाथों से खिलाएं। इससे न केवल आपका रिश्ता मजबूत होगा, बल्कि आपका साथी भी खुद को खास महसूस करेगा। इसके अलावा छोटे-छोटे कामों को साथ मिलकर करें, ताकि आप यादगार समय बिता सकें।

### एक रोमांटिक डिनर प्लान करें

रोमांटिक डिनर हमेशा से ही पार्टनर को खुश करने का अच्छा तरीका रहा है। खास तौर से वैलेंटाइन वीक के दौरान तो यह और भी खास लगता है। इसके लिए पहले से तैयारियां कर लें। खाने की जगह पहले ही बुक कर लें और टेबल को रोमांटिक तरीके से सजवा लें। अगर आप घर पर ही डिनर डेट प्लान कर रहे हैं तो उनके पसंदीदा व्यंजन बनाएं और माहौल को रोमांटिक बनाने के लिए धीमी रोशनी और सुगंधित मोमबत्तियां जलाएं।

### एक खास उपहार दें

उपहार देना हमेशा से ही प्यार जताने का बढ़िया तरीका रहा है। वैलेंटाइन वीक के दौरान आप अपने साथी को एक खास उपहार दे सकते हैं। जरूरी नहीं कि उपहार महंगा हो। यह ऐसा होना चाहिए, जो आपके रिश्ते की अहमियत को दर्शाए और आपके साथी को आपका प्यार महसूस करवाए। आप उन्हें हाथों से लिखा पत्र, व्यक्तिगत फोटो एलबम या फिर एक यादों का जार दे सकते हैं, जिसमें आपके साथ बिताए हुए अच्छे समय की यादें हों।

### छोटे-छोटे सरप्राइज दें

छोटे-छोटे सरप्राइज आपके रिश्ते में प्यार बनाए रख सकते हैं। जैसे कि अचानक से उनके काम की जगह पहुंचकर उन्हें फूल देना या फिर बिना बताए उनके लिए एक रोमांटिक डेट प्लान करना। ये छोटे-छोटे सरप्राइज आपके साथी को यह एहसास दिलाएंगे कि आप उनकी कितनी परवाह करते हैं और उन्हें खास महसूस कराना चाहते हैं। आप अपने साथी की पसंद को ध्यान में रखते हुए सरप्राइज प्लान कर सकते हैं।

### एक साथ समय बिताएं

सबसे जरूरी बात यह है कि वैलेंटाइन वीक के दौरान आप अपने साथी के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं। चाहे वह कोई छोटी-सी डेट हो या लंबी यात्रा, उसे साथ मिलकर करें। इससे न केवल आपका रिश्ता मजबूत होगा, बल्कि आप दोनों एक दूसरे को खास महसूस भी करा पाएंगे। इन सभी सुझावों को अपनाकर आप अपने वैलेंटाइन वीक को यादगार बना सकते हैं और अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं।



## बहुत थकान महसूस होने के बावजूद नींद नहीं आ रही तो इसे हल्के में न लें

अगर आपको बहुत थकान महसूस होने के बावजूद भी नींद नहीं आती है तो यह चिंता की बात है। इसके पीछे खराब जीवनशैली या बिगड़ी हुई सेहत का हाथ हो सकता है। नींद न पूरी होने की वजह से शरीर और ज्यादा थका हुआ रहता है और बीमार भी पड़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप इस परेशानी के कारण जान लें। इस लेख में हम आपको थकान के बावजूद नींद न आने के संभावित कारण बताएंगे।

**चाय और कॉफी का सेवन :** चाय और कॉफी में मौजूद कैफीन आपकी नींद को प्रभावित कर सकता है। अगर आप दिनभर में ज्यादा चाय या कॉफी पीते हैं तो ये पेय आपकी नींद उड़ा देंगे और आपको करवट बदलने पर मजबूर कर देंगे। कैफीन का असर आपके शरीर में कई घंटों तक रहता है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है। इसलिए, कोशिश करें कि शाम के बाद चाय या कॉफी का सेवन न करें और इसके बजाय हर्बल चाय या दूध का सेवन करें।

**खाने का समय और प्रकार :** खाने का समय और प्रकार भी नींद पर गहरा असर डाल सकते हैं। अगर आप सोने से



पहले भारी खाना खाते हैं तो यह पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है। इसके अलावा मसालेदार या तैलीय खाना भी नींद को खराब कर सकता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप रात का खाना सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले खा लें। केवल पौष्टिक चीजों का सेवन करें, ताकि आप सो सकें।

**शराब का सेवन :** शराब पीने से शुरूआत में तो नींद आती है, लेकिन कुछ समय बाद इसकी आदत पड़ जाती है और नींद खराब होने लगती है। इसके अलावा शराब का सेवन सेहत के लिए हानिकारक होता है, इसलिए इसे छोड़ना जरूरी है। इन सभी कारणों पर ध्यान देकर आप अपनी नींद की गुणवत्ता सुधार सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। अच्छी नींद लेने से आपका स्वास्थ्य बेहतर होगा और आप दिनभर तरोताजा महसूस करेंगे।

### शारीरिक गतिविधियों की कमी

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में शरीर मानसिक रूप से थक जाता है, लेकिन शारीरिक रूप से थकता नहीं है और नींद नहीं आती। नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से शरीर थकता है और अच्छी नींद आती है। इसके अलावा योग और ध्यान भी मददगार साबित हो सकते हैं। इन गतिविधियों से न केवल आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, बल्कि मन भी शांत रहेगा और लेटते ही नींद आ जाएगी।

**तनाव और चिंता :** तनाव और चिंता आजकल आम समस्या बन गई हैं, जो नींद पर बुरा असर डालती हैं। काम का दबाव, पारिवारिक समस्याएं या किसी भी तरह की चिंता से नींद पूरी तरह उड़ सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए ध्यान लगाना, गहरी सांस लेना या हल्का संगीत सुनना फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा सकारात्मक सोच अपनाना और अपनी भावनाओं को व्यक्त करना भी आपको बेहतर महसूस करवा सकता है।

## बची रोटी से आप बना सकते हैं बेहद लजीज और कुरकुरे स्प्रिंग रोल, जानें रेसिपी

स्प्रिंग रोल एक स्वादिष्ट और कुरकुरा नाश्ता है, जो इंडो चाइनीज खान-पान में शामिल है। आमतौर पर इसे बनाने के लिए मैदा की शीट्स का उपयोग किया जाता है। हालांकि, अगर आपके पास कुछ बासी रोटियां रखी हैं तो आप उनसे भी स्प्रिंग रोल बना सकते हैं। ये बेहद कुरकुरे और लजीज बनते हैं और बच्चों को खास तौर से बहुत पसंद आते हैं। आइए बची हुई रोटी से स्प्रिंग रोल बनाने की रेसिपी जानते हैं।



**स्प्रिंग रोल के लिए जरूरी सामान :** स्प्रिंग रोल बनाने के लिए आपको जो भी चीजें चाहिए होंगी, सभी आपकी रसोई में आसानी से मिल जाएंगी। इसके लिए 5-6 बची हुई रोटियां, एक कप उबले हुए आलू, एक कप कटी हुई सब्जियां (गाजर, मटर और शिमला मिर्च आदि), एक बारीक कटा प्याज, एक चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और तेल चाहिए होगा। आप चाहें तो इसमें नूडल्स भी शामिल कर सकते हैं।

**स्टफिंग के लिए सब्जियों को ऐसे करें फ्राई :** सबसे पहले एक पैन में थोड़ा तेल गर्म करें और उसमें प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें। इसके बाद इसमें कटी हुई सब्जियां डालें और उन्हें अच्छी तरह पकाएं, जब तक कि वे नरम न हो जाएं। अब इसमें उबले हुए आलू, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और धनिया पाउडर डालकर मिलाएं। इस मिश्रण को कुछ मिनट तक पकाने के बाद गैस बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें।

**रोटी को ऐसे करें रोल :** अब हर रोटी को हल्के हाथों से दोबारा लें, ताकि वह पतली और मुलायम हो जाएं। इसके बाद हर रोटी पर थोड़ी-सी स्टफिंग फैलाएं और उसे रोल कर लें। ध्यान रखें कि रोटी चारों ओर से अच्छी तरह से बंद हो जाए, ताकि स्टफिंग बाहर न निकले। आप चाहें तो इन रोल्स को फ्रिज में कुछ देर रख सकते हैं, ताकि वे अच्छे से सेट हो जाएं और तलने पर कुरकुरे बनें।

**फ्राई करके तैयार करें स्प्रिंग रोल :** इसके बाद एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और उसमें तैयार स्प्रिंग रोल डालें। इन्हें दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक तलें। तलने के बाद इन्हें किचन पेपर पर निकालें, ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए। आप चाहें तो इन्हें एयर फ्रायर में भी बना सकते हैं, इससे यह और भी सेहतमंद बन जाएंगे।

## पर्स को साफ करते समय न करें ऐसी 5 गलतियां, उसकी सुंदरता हो सकती है खराब

महिलाओं के लिए पर्स एक जरूरी एक्सेसरी है, जो महज फैशन के लिए नहीं होती। ये रोजमर्रा में इस्तेमाल होते हैं, जिसके चलते इन पर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में पर्स को सही तरीके से साफ करना बहुत जरूरी है, ताकि वह हमेशा नया जैसा दिखे। कई लोग पर्स को साफ करते समय कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे वह खराब हो सकता है। आज के फैशन टिप्स में जानें कि पर्स को धोते समय किन गलतियों से बचना चाहिए।

**पर्स को मशीन में बिल्कुल भी न धोएं :** कई लोग पर्स को मशीन में धोने की गलती कर देते हैं, जिससे वह खराब हो जाता है। मशीन में धोने से पर्स का आकार बिगड़ सकता है और उसकी चमक भी चली जाती है। चमड़े आदि से बने पर्स इससे पूरी तरह फट सकते हैं। बेहतर होगा कि आप पर्स को हाथ से धोएं और उसे हवा में सुखाएं। इससे वह साफ भी रहेगा और उसकी गुणवत्ता भी बनी रहेगी। इसके लिए साबुन और हल्का गर्म पानी इस्तेमाल करें।

**गर्म पानी का उपयोग न करें :** पर्स को धोते समय गर्म पानी का उपयोग करने से बचना चाहिए। ज्यादा गर्म पानी से पर्स का कपड़ा सिकुड़ सकता है, वह जल सकता है और उसका रंग भी उड़ सकता है। हमेशा हल्के गुनगुने



पानी का ही इस्तेमाल करना सही रहता है। इससे जमी हुई गंदगी आसानी से साफ हो जाएगी और आपके पर्स की गुणवत्ता पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा। इससे पर्स लंबे समय तक नए जैसा रहता है और उसकी चमक भी बनी रहती है।

**कठोर साबुन का इस्तेमाल से लुक होगा खराब :** पर्स को धोते समय कठोर साबुन का उपयोग करना एक बड़ी गलती हो सकती है। ऐसा करने से पर्स का कपड़ा फट सकता है और वह पुराना व घिसा हुआ नजर आ सकता है। हमेशा सौम्य साबुन या पर्स धोने वाले खास तरल पदार्थ का उपयोग ही करें, जो नाजुक हो और पर्स को नुकसान न पहुंचाए। इसके अलावा आप नींबू का रस या सिरका जैसी प्राकृतिक चीजें भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जो पर्स साफ करने में मदद करेंगी।

# रसोई में इन चीजों को कभी न होने दें खत्म, पहले से ही खरीद लें

घर की रसोई सिर्फ खाना बनाने की जगह नहीं होती, बल्कि इसे मां अन्नपूर्णा का वास स्थान माना जाता है। मान्यता है कि अगर रसोई में जरूरी चीजें खत्म हो जाएं तो मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं और इसका सीधा असर धन, सुख-शांति और आपसी रिश्तों पर पड़ता है। आज हम आपको बताएंगे कि वास्तु शास्त्र के अनुसार रसोई में किन चीजों को कभी खत्म नहीं होने देना चाहिए और इसके पीछे क्या कारण माने जाते हैं।

**नमक-** नमक हर रसोई की सबसे जरूरी चीजों में से एक है। यह सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि वास्तु शास्त्र में इसे बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि रसोई में नमक का डिब्बा कभी भी पूरी तरह खाली नहीं होना चाहिए। अगर नमक खत्म हो जाए तो इसका नकारात्मक असर घर के वातावरण पर पड़ता है। इससे परिवार के सदस्यों के बीच तनाव, बहस और कलह बढ़ सकती है। कई वास्तु मान्यताओं के अनुसार नमक की कमी से धन संबंधी परेशानियां भी आने लगती हैं। इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि रसोई में नमक पर्याप्त मात्रा में मौजूद हो।



**चावल-** चावल को हिंदू धर्म में बहुत ही शुभ और पवित्र माना गया है। पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों में चावल का इस्तेमाल अक्षत के रूप में किया जाता है। ज्योतिष के अनुसार चावल का संबंध चंद्रमा और शुक्र ग्रह से होता है, जो मन, सुख और वैभव के कारक माने जाते हैं। अगर रसोई में चावल खत्म हो जाते हैं, तो इसका असर सीधे जीवन पर पड़ता है। मान्यता है कि इससे धन की कमी, मानसिक अशांति और पारिवारिक समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**हल्दी-** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हल्दी का संबंध देवगुरु बृहस्पति से होता है। बृहस्पति ग्रह को धन, ज्ञान, सम्मान, सुख और पारिवारिक खुशहाली का कारक माना जाता है। अगर रसोई में हल्दी का डिब्बा खाली हो जाए, तो माना जाता है कि गुरु ग्रह कमजोर होने लगता है। इसका असर परिवार के सदस्यों की तरक्की, शिक्षा और आर्थिक स्थिति पर पड़ सकता है। हल्दी की कमी से घर की सकारात्मक ऊर्जा भी कम होने लगती है। इसलिए रसोई में हल्दी हमेशा जरूर रखें और ध्यान दें कि इसका डिब्बा कभी खाली न हो।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हॉलीवुड के पर्दे पर चमका राजस्थान का किला



**नई दिल्ली।** किसे पता था कि एक तरफ फिल्म की शूटिंग चल रही थी और बेचारे गांव और आसपास के लोगों को क्या पता था कि उनके ठीक बदल में जोधपुर में हॉलीवुड सिनेमा का इतिहास लिखा जा रहा था। बड़ी बात ये है कि इस इतिहास को कोई और नहीं बल्कि हॉलीवुड के सबसे बड़े डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन लिख रहे थे। हॉलीवुड के इतिहास में कई ऐसी फिल्में बनीं जिन्होंने रिकॉर्ड तोड़ दिए, लेकिन साल 2011 में जोधपुर की तपती धरती ने एक ऐसा मंजर देखा जिसने हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। हॉलीवुड में मार्वल और डीसी की फिल्मों का दीवाना कौन नहीं है। साल 2011 में एक फिल्म आई, जिसका नाम था द डार्क नाइट राइजेस। अब आपको विलेन 'बेन' का वो धोखा और गोथम शहर को तबाह करने का उसका पागलपन याद है? बैटमैन की पीठ तोड़ने के बाद, बेन उसे एक ऐसी जमीन के अंदर वाली जेल में डाल देता है, जहां से बाहर निकलना नामुमकिन था। क्या आप जानते हैं कि वह जेल असल में जोधपुर का 'मेहरानगढ़ किला' था? फिल्म में इस किले की खूबसूरती को बड़े सही तरीके से दिखाया गया है। दरअसल साल 2011 में, हॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपनी फिल्म 'द डार्क नाइट रिस' के एक महत्वपूर्ण सीक्वेंस की शूटिंग के लिए एक ऐसी जगह ढूंढ रहे थे, जो देखने में प्राचीन लगे और इसके लिए उन्होंने कई लोकेशन्स की रेकी की।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू की 1200 करोड़ी फिल्म वाराणसी का रामायण से कनेक्शन



एसएस राजामौली अपनी सबसे बड़ी फिल्म 'वाराणसी' की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिसमें प्रियंका चोपड़ा, महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल्स में हैं। यह फिल्म 7 अप्रैल, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस दिग्गज निर्देशक ने अब 'वाराणसी' से रामायण महाकाव्य के कनेक्शन की पुष्टि कर दी है। पॉलीगॉन से बात करते हुए राजामौली ने कहा, 'मेरी सभी फिल्में भगवान राम के महाकाव्यों से प्रेरित हैं। इस फिल्म में मुझे रामायण की एक वास्तविक घटना को लेकर उसे इस तरह प्रस्तुत करने का अवसर मिला है।' फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' के सबसे चैलेंजिंग और क्रिएटिव सीन्स में से एक के बारे में खुलकर बात की है। निर्देशक ने फिल्म के एक 25 मिनट के उस सीन के बारे में भी खुलकर बताया जो पौराणिक महाकाव्य रामायण से प्रेरित है और जिसके बारे में उनका कहना है कि इसे फिल्माने में 60 दिन लगे। एसएस राजामौली ने 'वाराणसी' के पीछे की प्रेरणा के बारे में भी बात की। राजामौली ने इस भव्य युद्ध सीन की मुश्किलों के बारे में बात करते हुए कहा, 'मेरी ज्यादातर फिल्में भारतीय महाकाव्य महाभारत और रामायण से प्रेरित हैं। इस फिल्म में मुझे रामायण के एक एपिसोड को हूबहू फिल्माने का मौका मिला।' उन्होंने बताया कि 25 मिनट का यह लंबा सीन कोई एक घटना नहीं है, बल्कि कई पलों का संयोजन है, जो एक भव्य युद्ध सीन में पिरोए गए हैं। फिल्म का वह एपिसोड कई सारे एपिसोड्स का संयोजन है। तो यह सब मिलाकर फिल्म में लगभग 25 मिनट का है, एक बार में ही फिल्म में आता है।

### भोजपुरी

## स्वर्ग से सुंदर में धमाल मचाएगी प्रेम और रक्षा की जोड़ी



प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता की नई भोजपुरी फिल्म 'स्वर्ग से सुंदर' आ रही है, जिसकी शूटिंग 4 फरवरी से शुरू हो गई है। इस फिल्म में ऐसी पारिवारिक और भावनात्मक कहानी दिखाई जाएगी, जो दर्शकों के दिलों को छू जाएगी। फिल्म को विजय यादव ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। जबकि कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। 'स्वर्ग से सुंदर' को लेकर फिल्म की पूरी टीम बेहद एक्साइटेड है और पूरे जोश के साथ शूटिंग में जुट गई है। शूटिंग लोकेशन से तस्वीरें भी सामने आई हैं। 'स्वर्ग से सुंदर' की कास्ट की बात करें, तो इसमें प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता के अलावा अनिता रावत, रजनीश झा जी, मनोज द्विवेदी, भानु पांडे, चाहत राज, पूर्वी, लकीम अंसारी सहित कई अन्य कलाकार नजर आएंगे। सभी कलाकार अपने-अपने किरदारों को लेकर बेहद उत्साहित हैं और फिल्म को यादगार बनाने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े लोगों का मानना है कि 'स्वर्ग से सुंदर' एक ऐसी कहानी लेकर आ रही है, जो दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ एक सकारात्मक संदेश भी देगी। मजबूत निर्देशन, भावनात्मक कहानी, दमदार एक्टिंग और म्यूजिक के साथ यह फिल्म आने वाले समय में दर्शकों के बीच खास पहचान बना सकती है। भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों को अब इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार रहेगा।एक्टर प्रेम सिंह की बात करें, तो वह भोजपुरी सिनेमा में सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि आवाज के लिए भी मशहूर हैं। वह एक भोजपुरी सिंगर भी हैं। उन्होंने कई हिट गाने और हिट भोजपुरी फिल्में दी हैं, जिनमें 'मेरा पति मेरा देवता है', 'अजनबी', 'पंगेबाज' और 'हमरे भौजी की बहनिया।' वहीं, रक्षा गुप्ता भी भोजपुरी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं और कई हिट फिल्में दे चुकी हैं। इनमें 'कमांडो अर्जुन', 'राऊडी इंस्पेक्टर', 'शंखनाद' और 'डोली सजा के रखना' जैसे नाम शामिल हैं।

## लाइफ स्टाइल

## सारा अर्जुन की अदाओं ने दिल जीता

सारा अर्जुन गोल्डन शाइन वाली खूबसूरत दीवानी लेबल की कस्टम साड़ी पहने हुए हैं। जिसे ट्रेडिशनल जरदोजी के साथ बहुत ही क्लासी तरीके से पेश किया गया है, तो सारा ने इसे बड़े- ही सुंदर तरीके से स्टाइल किया। साड़ी के बेस फैब्रिक में मेटैलिक शाइन दिख रही है, जो सिल्क साड़ी को रिचनेस देती है। वहीं, हल्की क्रिस्पनेस से प्लीट्स स्ट्रक्चर्ड और रॉयल लग रही हैं। जिसे पहनी सारा की देसी अदा देखती ही बनी।



## शादी के दिन दुल्हन के हाथों की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं चूड़े, लुक को बनाएंगे खास

भारतीय शादी में चूड़ा पहनना एक जरूरी परंपरा है, जो दुल्हन के लुक को और भी खास बना देती है। ये थोड़ी मोटी चूड़ियां होती हैं, जो असल में किसी कड़े जैसी दिखती हैं। चूड़े लाल और मेहरून से लेकर सफेद रंग तक में मिलने लगे हैं। आजकल बाजार में कई के चूड़े उपलब्ध रहते हैं, जो अलग-अलग डिजाइनों और रंगों में आते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे डिजाइन बताएंगे, जो आपकी शादी खास बना सकते हैं।

**सफेद मोती वाले चूड़े :** सफेद मोती वाला चूड़ा बहुत सुंदर और पारंपरिक विकल्प हो सकता है। यह इन दिनों बहुत चलन में आ गया है और महिलाओं की पसंद बन रहा है। ये अक्सर सफेद या हल्के रंग की साड़ी या लहंगे के साथ पहने जाते हैं। इनमें छोटे-छोटे मोती लगे होते हैं, जो इन्हें और आकर्षक बनाते हैं। सफेद मोती वाला चूड़ा पहनने से आपके हाथों की चमक काफी बढ़ सकती है और यह शादी के किसी भी कपड़े के साथ अच्छा लगेगा।



**लाल और हरे रंग के चूड़े :** लाल और हरे रंग की चूड़ियां भारतीय शादी का एक अहम हिस्सा होती हैं। अब दुल्हन इन रंगों वाले चूड़े भी पसंद करने लगी हैं। लाल रंग सुहाग का प्रतीक होता है, जिस रंग वाला चूड़ा सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। ज्यादातर महिलाएं भी उसे ही चुनती हैं। इनमें छोटे-छोटे मोती और सितारे भी लगे होते हैं, जो इन्हें और भी खास बनाते हैं। हरा रंग वाला चूड़ा थोड़ा अलग लुक देगा, लेकिन शानदार जरूर लगेगा।

### सितारे वाले चूड़े

सितारों वाला चूड़ा भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इनमें छोटे-छोटे सितारे लगे होते हैं, जो इन्हें बहुत ही खास बनाते हैं। सितारे वाले चूड़े को आप पारंपरिक लाल रंग की चूड़ियों के साथ पहन सकती हैं, ताकि उनका मेल अच्छा लगे। सितारों वाला चूड़ा पहनने से आपके हाथों पर एक चमकदार लुक मिलता है, जिससे सभी आपकी तारीफ करेंगे। इसे पहनकर आप वाकई में एक नई दुल्हन लगेंगी।

### मिश्रित रंगों वाले चूड़े

अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो मिश्रित रंगों वाला चूड़ा एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इनमें अलग-अलग रंगों वाली चूड़ियां शामिल हो सकती हैं, जो इसे बहुत ही आकर्षक बनाते सकती हैं। आप हर चूड़ी में मल्टी कलर वाला विकल्प भी ले सकती हैं। इनका डिजाइन इतना सुंदर होता है कि ये किसी भी कपड़े के साथ जंचती हैं। मिश्रित रंगों वाला चूड़ा पहनकर आप अपनी शादी में सबसे सुंदर दिख सकती हैं।

## बिना टॉप को टक किए इन तरीकों से स्टाइल करें फ्लेयर्ड जींस

फैशन



फ्लेयर्ड जींस फैशन की दुनिया में हमेशा से ही लोकप्रिय रही हैं। ये जींस हाई वेस्ट होती हैं, ऊपर से टाइट होती हैं और इनके पैर चौड़े होते हैं। आम तौर पर इनको स्टाइल करते समय महिलाएं टॉप को जींस में टक करना ही पसंद करती हैं। ऐसा न करने पर कद छोटा लगता है और फिगर अच्छा नहीं दिखता है। हालांकि, अगर आप ऐसा नहीं करना चाहतीं तो फ्लेयर जींस को स्टाइल करने के अलग फैशन टिप्स जानिए।

**पेपलम टॉप चुनें :** पेपलम ऐसे टॉप होते हैं, जो कमर के पास से कसे हुए होते हैं। इस तरह के टॉप ऊपर से तो सामान्य टॉप जैसे लगते हैं। हालांकि, इनका निचला हिस्सा कमर के पास से टाइट होता है। इससे कमर कसती है और एक सिलवेट बन जाती है, जिससे आप पतली और लंबी दिखाई दे सकती हैं। आप किसी भी डिजाइन या रंग वाला पेप्लम टॉप चुन सकती हैं। इसे आपको फ्लेयर्ड जींस में टक नहीं करना पड़ेगा।

**कमर से कसी हुई शर्ट पहनें :** अगर आप फ्लेयर्ड जींस के साथ शर्ट पहनने की सोच रही हैं तो थोड़ा बदलाव करके देखें। साधारण-सी शर्ट को पिन की मदद से थोड़ा टाइट कर लें या आगे की तरह से थोड़ा डिजाइनर बना लें। इससे आपकी कमर की ओर ध्यान आकर्षित होगा और आप सुंदर लगेंगी। अगर आप अपनी शर्ट में पिन नहीं लगाना चाहती हैं तो टाइट फिटिंग वाली क्रॉप शर्ट खरीद लें। इसके अलावा कॉर्सेट वाली शर्ट भी इस जींस के साथ अच्छी लगेगी।

**क्रॉप टॉप का चुनाव करें :** फ्लेयर्ड जींस के ऊपर साधारण फिटिंग वाली टी-शर्ट थोड़ी कम आकर्षक लग सकती हैं। इनके बजाय आपको एक सुंदर-सा क्रॉप टॉप चुनना चाहिए, जो कमर तक आता हो। इसकी जगह पर आप बेबी टी भी चुन सकती हैं, जिसमें थोड़ा पेट नजर आता है और पतली कमर का भ्रम पैदा होता है। इस तरह का आउटफिट रोजमर्रा के लुक के लिए शानदार रहेगा और आपको स्टाइलिश भी दिखाएगा। इसे आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं।



**बेल्ट का इस्तेमाल करें :** अगर आप चाहती हैं कि आपकी फ्लेयर्ड जींस में कमर का आकार अच्छा दिखे तो बेल्ट का इस्तेमाल करें। एक पतली बेल्ट आपकी कमर को निखार सकती है और आपके लुक को खास बना सकती है। बेल्ट के साथ आप अपनी फ्लेयर्ड जींस को और भी स्टाइलिश बना सकती हैं। इसके अलावा बेल्ट पहनने से आपके पूरे पहनावे में एक अलग ही आकर्षण जुड़ सकता है।

## स्टाइलिश लुक दे सकता है बॉडीसूट, इसे नए तरीकों से पहनेंगी तो लगेंगी सुंदर

बॉडीसूट एक नए किस्म का परिधान है, जिसकी चर्चा इन दिनों काफी होने लगी है। यह कपड़ा हर महिला की अलमारी में होना चाहिए, क्योंकि यह बेसिक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होता है। बॉडीसूट एक प्रकार का टॉप होता है, जिसके नीचे तरह शॉर्ट्स जुड़े होते हैं। इससे शानदार फिटिंग मिलती है और असुविधा भी नहीं होती है। आइए जानते हैं कि कैसे आप बॉडीसूट को विभिन्न तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

**जींस के साथ पहनें :** जींस के साथ बॉडीसूट पहनना सबसे बेहतरीन आउटफिट बनाएगा। यह संयोजन रोजमर्रा के उपयोग के लिए सही रहेगा और आरामदायक भी महसूस करवाएगा। आप नीली या काली जींस के साथ सफेद या हल्के रंग का बॉडीसूट पहन सकती हैं। इसके साथ आरामदायक जूते या फ्लैट चप्पल पहनकर अपने लुक को पूरा करें। यह पोशाक कॉलेज और कोचिंग आदि जाने वाली महिलाओं के लिए सबसे आदर्श रहेगा और उन्हें ट्रेंडी लुक देगा।



### स्कर्ट के साथ स्टाइल करें

स्कर्ट के साथ बॉडीसूट पहनकर आप अपने लुक को थोड़ा फॉर्मल और सुंदर बना सकती हैं। इस परिधान के साथ लंबी या छोटी स्कर्ट, दोनों ही विकल्प अच्छे लगते हैं। हालांकि, बस ध्यान रखें कि रंगों का मेल सही हो। इसके साथ ऊंची हील वाली सैंडल पहनकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं। स्कर्ट अगर प्रिंटेड या अच्छी फिटिंग वाली होगी तो आप और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी।

**जैकेट के साथ लेयर करें :** अगर आप अपने बॉडीसूट को थोड़ा नया अंदाज देना चाहती हैं तो उसके ऊपर एक जैकेट जरूर पहनें। चमड़े या डेनिम की जैकेट आपके लुक को और भी खास बना सकती हैं। यह मेल न केवल स्टाइलिश होगा, बल्कि आपको हर मौके पर भीड़ से अलग दिखाएगा। इसके साथ बूट पहनकर आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

## आप भी पहनें फिरोजी साड़ी के साथ अलग रंग के ब्लाउज देते हैं बेहतरीन लुक

साड़ी भारतीय महिलाओं का पसंदीदा परिधान है, जिसे वे कई अलग-अलग रंगों में पहनती हैं। हालांकि, इन दिनों फिरोजी रंग की साड़ी काफी चलन में आ गई हैं। यह नीले और हरे के बीच का एक जीवंत रंग होता है, जो हर रंग की महिला पर अच्छा लगता है। हालांकि, अब फिरोजी साड़ी पर फिरोजी ब्लाउज पहनने का चलन गया।

**पीच रंग का ब्लाउज :** फिरोजी रंग की साड़ी के साथ अगर आप पीच रंग का ब्लाउज पेयर करेंगी तो आप बहुत सुंदर दिखेंगी। यह विपरीत रंग होते हुए भी बहुत ही सुंदर दिखता है और आपके पूरे लुक को खास बना सकता है। इस लुक के साथ आप मोती वाले जेवर पहन सकती हैं या फिर कुंदन के



आभूषण भी स्टाइल कर सकती हैं।

**पीले रंग का ब्लाउज :** फिरोजी और पीले रंग का संयोजन तो हमेशा से ही पसंद किया जाता है। पीला रंग खुशी और ऊर्जा का प्रतीक होता है। अगर आप फिरोजी साड़ी पहन रही हैं तो पीले रंग का ब्लाउज एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह आपके लुक को चमकदार बना देगा और आपको नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

**नीले रंग का ब्लाउज :** नीला रंग ठंडक और शांति का एहसास कराता है, जो फिरोजी के साथ शाही लगता है। आप फिरोजी साड़ी के ऊपर नीले रंग का ब्लाउज भी पेयर कर सकती हैं। हालांकि, इसके साथ आसमानी नीला नहीं, बल्कि गहरे नीले रंग का ब्लाउज ही पहनें। यह रंग आपकी त्वचा की रंगत को निखार सकता है और पूरे लुक को आकर्षक बना सकता है।

**हरे रंग का ब्लाउज :** हरा रंग ताजगी और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक है, जो फिरोजी के साथ मिलकर शानदार संयोजन बना सकता है। आप अपनी फिरोजी साड़ी के साथ इस रंग के ब्लाउज को बेझिझक स्टाइल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

**सही फिटिंग और डिजाइन वाली शर्ट न केवल पेशेवर लुक देती है, बल्कि काम करते समय आरामदायक भी रखती है**

## ऑफिस जाने वाले सभी पुरुषों के पास जरूर होनी चाहिए इन तरह की फॉर्मल शर्ट

ऑफिस जाते समय सभी पुरुष शर्ट पहनना पसंद करते हैं, जो सबसे पेशेवर लुक देती है। सही फिटिंग और डिजाइन वाली शर्ट न केवल पेशेवर लुक देती है, बल्कि काम करते समय आरामदायक भी रखती है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको 5 प्रकार की शर्ट के बारे में बताएंगे, जो आपके ऑफिस लुक को निखारने में मदद करेंगी। ये सभी पेशेवर लुक देंगी और इन्हें पहनकर आप ऑफिस में सबसे आकर्षक दिखेंगे।



### सफेद शर्ट

सफेद शर्ट हर पुरुष की अलमारी में होनी चाहिए। यह एक बेहतरीन और हमेशा चलन में रहने वाला विकल्प है, जिसे आप किसी भी पैंट या ब्लेजर के साथ पहन सकते हैं। सफेद शर्ट न केवल पेशेवर दिखती है, बल्कि कई तरीकों से स्टाइल भी की जा सकती है। इसे आप औपचारिक बैठकों या इंटरव्यू के लिए चुन सकते हैं। सफेद शर्ट पहनकर आप हमेशा ताजगी भरा और आत्मविश्वास से भरा महसूस करेंगे, जिससे आपका ऑफिस लुक बेहतरीन दिखेगा।

### नीली शर्ट

नीली शर्ट भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है, जो आपको पेशेवर और स्टाइलिश दिखाएगी। हल्की नीली रंग की शर्ट गर्मियों के लिए और दिन के समय के लिए बेहतरीन रहेगी। वहीं, गहरे नीले रंग की शर्ट हर रंगत वाले पुरुष पर अच्छी लगेगी। इसे आप ग्रे या काले रंग की पैंट के साथ पहन सकते हैं। नीली शर्ट पहनकर आप ऑफिस में अलग नजर आएंगे और आपका लुक भी खास बनेगा।

### हल्के गुलाबी रंग की शर्ट

हल्के गुलाबी रंग की शर्ट भी सभी पुरुषों के पास होनी चाहिए। यह आपको एक सादगी भरा, नरम और आकर्षक लुक दे सकती है। इस रंग की शर्ट को आप काली या ग्रे पैंट के साथ पेयर कर सकते हैं। यह कई पुरुषों के लिए थोड़ा असामान्य चुनाव हो सकता है, लेकिन यह बेहद आकर्षक लगता है। आप चाहें तो बेबी गुलाबी के बजाय पीच टोन वाले गुलाबी रंग की शर्ट का भी चुनाव कर सकते हैं।

### धारियों वाली शर्ट

धारियों वाली शर्ट ऑफिस जाने वाले पुरुषों पर सबसे आकर्षक लगती हैं। यह खास तौर से छोटे कद वाले पुरुषों पर जंचती है, क्योंकि धारियों से लंबाई बढ़ने का भ्रम पैदा होता है। पतली धारियों वाली शर्ट आजकल बहुत चलन में हैं और इन्हें आप किसी भी पैंट या ब्लेजर के साथ पहन सकते हैं। पैंट और ब्लेजर चुनते समय शर्ट के रंग और धारियों के रंग को ध्यान में रखें। इससे आपका लुक खास बनेगा।

### चेक पैटर्न वाली शर्ट

चेक पैटर्न वाली कमीज भी पेशेवर लुक के लिए बहुत अहम होती है। आप अपनी पसंद के अनुसार छोटे या बड़े चेक वाली शर्ट चुन सकते हैं। छोटे चेक पैटर्न वाले कपड़े आजकल ज्यादा लोकप्रिय हो गए हैं। इस तरह की शर्ट को आप जींस या काली पैंट, दोनों के साथ पहन सकते हैं। इन सभी प्रकार की शर्ट आपके ऑफिस लुक को निखारने में मदद करेंगी और आपको आत्मविश्वास से भरा महसूस करवाएंगी।